रोहतक

शुक्रवार 5 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 121

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 43.1

न्यून. 24.7

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

विश्व पर्यावरण दिवस

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

खबर संक्षेप

पीएम मोदी सूरत, दमन को आज देंगे सौगातें

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सूरत और केंद्र शासित प्रदेश दमन का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सूरत में लगभग 18,800 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और आधारशिला रखेंगे। दमन में 2,970 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सड़क प्रोजेक्ट को भी समर्पित करेंगे। *एजेंसी*

मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा : ललित मोदी

नई दिल्ली। आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है। *एजेंसी*

मेजर प्रभात मिश्रा को यूएस में मिले दो अवार्ड

नई दिल्ली। भारतीय सेना के मेजर प्रभात मिश्रा को अमेरिका के कंसास स्थित फोर्ट लीवनवर्थ में यूएस आर्मी कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज के कमांड एंड जनरल स्टाफ ऑफिसर कोर्स के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस और जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवॉर्ड मिला। यह कोर्स 10 महीने का उन्नत सैन्य नेतृत्व कार्यक्रम है, जिसमें इस बैच में 951 अधिकारियों ने भाग लिया। *एजेंसी*

पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, आज भी होगी बरसात

प्रदेश के कई जिलों में आंधी बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि टीम ▸▸| हरियाणा

प्रदेश में गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला। दोपहर तक गर्मी रही, शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ कई जिलों में बारिश शुरू हो गई। फरीदाबाद, फतेहाबाद, पलवल, गुरुग्राम, रेवाड़ी और कैथल में बारिश हुई। गुरुग्राम में तेज आंधी से जनजीवन भी प्रभावित हुआ। शाम को भिवानी और महेंद्रगढ़ के नारनौल में बारिश शुरू हो गई। वहीं, शाम के समय दादरी, भिवानी, झज्जर, रोहतक, हिसार, फतेहाबाद, सोनीपत, पानीपत, करनाल, यमुनानगर, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र व अंबाला में 50-60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। इनके अलावा सिरसा, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह, पलवल और पंचकूला में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चली। हिसार में शाम के समय आसमान में धूल छा गई। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, 2 पश्चिमी विक्षोभों के आंशिक प्रभाव से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। इस दौरान बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और हवा की दिशा में भी बदलाव देखने को मिलेगा। दो दिन बाद फिर से गर्मी बढ़ेगी।

हिसार-गुरुग्राम में रेत का गुबार, पेड़ और खंभे गिरे

फरीदाबाद में अंधड़ के कारण कीचड़ में खड़ी क्रेन पलटी, तीन की मौत

फरीदाबाद में पनहेड़ा खुर्द गांव के पास जेवर एयरपोर्ट से जुड़े फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगी क्रेन कीचड़ के कारण असंतुलित होकर मजदूरों के रहने के लिए रखे गए कंटेनर पर पलट गई। इसमें करीब 8 मजदूरों दब गए। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 3 मजदूरों के शव निकाल लिए थे, जबकि चार को बचा लिया गया। 1 मजदूर अभी भी दबा हुआ है, जिसे बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी।

शिक्षा मंत्री की पायलट गाड़ी पर गिरा बिजली का पोल

तेज आंधी में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के काफिले में उनकी पायलट गाड़ी पर बिजली का पोल गिर गया। हादसे में पायलट गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसमें सवार पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सीवन में नगर पालिका अध्यक्षा हेम लता सैनी के निवास पर एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस रवाना हो रहे थे। तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगा एक बड़ा बिजली का पोल अचानक उखड़कर पायलट गाड़ी पर आ गिरा।

मानसून केरलम पहुंचा, इस बार 3 दिन लेट, 7 दिन भारी बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। मानसून केरलम पहुंच गया है। अगले 2-3 दिन यह गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु को कवर कर सकता है। वहीं, बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक में अगले 7 दिन में कुछ जगह भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्री मानसून एक्टिविटी के असर से आंधी-बारिश देखने मिल सकती है। इस बार मानसून 3 दिन लेट है। आमतौर पर यह 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। वहीं दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में गुरुवार दोपहर को अंधेरा छा गया और तेज बारिश हुई। 11 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ी। फिल्म सिटी में आंधी के बाद कई पेड़ टूटकर कारों पर गिर गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर के रियासी में बादल फटने से कई घरों को नुकसान हुआ है।

■ दिल्ली-एनसीआर में आंधी ने मचाई तबाही, पेड़ गिरे जम्मू-कश्मीर में बादल फटा

पुलिस ने 2 घंटे में किया पंजाब के शूटरों का एनकाउंटर

पंचकूला में भाजपा नेता के भाई पर बरसाईं गोलियां, गैंगस्टर गोदारा की कॉल-कितनी लगीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| पंचकूला

भाजपा पार्षद के देवर रतन लुबाना पर आधी रात को 8 गोलियां चलाई गईं। उन्हें बाजू में एक गोली लगी और फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग की घटना के कुछ देर बाद लुबाना के मोबाइल पर वॉट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा बताते हुए पूछा- कितनी गोली लगी हैं। इस घटना के करीब दो घंटे बाद पुलिस ने बदमाशों का पीछा करते हुए एनकाउंटर कर दबोच लिया। दोनों आरोपी पंजाब के हैं। दोनों बदमाश पल्सर बाइक पर आए थे और उस वक्त लुबाना पर फायरिंग की, जब वो स्विस लांज से निकल रहे थे। सेक्टर-5 के जिस एरिया में फायरिंग हुई है, वहां पर रतन लुबाना पार्टनरशिप में क्लब चलाते हैं। रतन के भाई नरेंद्र लुबाना भाजपा के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैं, पार्षद भी रहे हैं। इस बार उनकी पत्नी नगर निगम के वार्ड-1 से हाल ही में पार्षद चुनी गई हैं।

तेजी से भागे तो बची जान

बुधवार रात 12 बजे के करीब रतन लुबाना सेक्टर-5 के स्विस सड़क किनारे खड़ी अपनी कार की तरफ जाते हुए दिखाई देते हैं। अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए। ये पिस्तौल लेकर लुबाना के पीछे भागने लगे। बचने के लिए रतन लुबाना भागते हुए एक बार गिर भी जाते हैं। लेकिन उसके बाद उठकर फिर दौड़ लगाते हैं। सीसीटीवी फुटेज से साफ दिख रहा है कि बदमाश उन्हें जान से मारने के इरादे से ही आए थे। वो लगातार सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल से गोलियां चला रहे हैं। यदि लुबाना हिम्मत करके तेजी से दौड़ न लगाते तो उनका बचना मुश्किल था।

याचिका खारिज, कहा- मुद्दा खुला

विनेश केस में डब्ल्यूएफआई को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट को एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल में शामिल होने की अनुमति देने के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई की याचिका को निष्फल मानते हुए खारिज कर दिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं, इसलिए इस याचिका पर फैसला देने की जरूरत नहीं रह गई है। हालांकि, अदालत ने साफ किया कि मामले से जुड़े सभी कानूनी सवाल अभी भी खुले हैं और उन पर बाद में विचार किया जा सकता है।

■ विनेश पहले ही ट्रॉयल हार चुकीं

हथियार जब्त, पूछताछ भी की

फायरिंग मामले में खान सर के ही गाड्‌र्स गिरफ्तार

पटना (एजेंसी)। पटना में खान सर के कोचिंग सेंटर पर 2 जून की रात हुए फायरिंग मामले में नया मोड आ गया है। एक वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो ज्ञान बिंदु कोचिंग की ओर से जारी किया गया है। वीडियो में दावा किया गया है कि विवाद के दौरान फायरिंग खान सर के गार्ड ने की थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस खान सर के कोचिंग सेंटर पहुंची और वीडियो में फायरिंग करते दिख रहे दोनों गाड्‌र्स को कदमकुआं थाने लेकर आई। 3 घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने खान सर के कहने पर ही फायरिंग की थी। पुलिस ने दोनों के हथियार भी सत्यापन के लिए जब्त किए हैं।

■ गाड्‌र्स बोले, कहने पर ही फायरिंग की

दिल्ली होटल आग : मालिक चार दिन के पुलिस रिमांड पर

जलती इमारत के पास से गुजरा, किसी की मदद नहीं की, डरकर भागा

आग से होटल में गई थी 21 लोगों की जान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया। पांच मंजिला इमारत में आग लगने से बुधवार को 21 लोगों की मौत हो गई थी।

अब बिहार के मुजफ्फरपुर में हॉस्पिटल में आग, 5 की मौत

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में गुरुवार को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद आईसीयू में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने का आरोप लगाया।

कई अहम पदों पर रहे, 18 जून को होना है चुनाव

भाजपा ने हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया को बनाया राज्यसभा प्रत्याशी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने गुरुवार को उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। 13 राज्यों की 27 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को चुनाव होगा। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 8 जून है। हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ-साथ अलका गुर्जर को भी टिकट दिया गया है। राजस्थान में पार्टी ने इस बार केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को टिकट देने से इनकार कर दिया है।

भाजपा ने इनको भी दिया टिकट

अरुणाचल प्रदेश से ताई तागाक, गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार, जीतेन्द्र मेघजीभाई कंजारिया, मध्य प्रदेश से तरुण चुग, रजनीश अग्रवाल, मणिपुर से ए. शारदा देवी, ओडिशा (उप-चुनाव) से देबाशीष सामंतराय को मिली टिकट।

कांग्रेस ने सात उम्मीदवार घोषित किए

कांग्रेस ने कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खरगे, पवन खेड़ा और मंसूर अली खान, मध्यप्रदेश से मीनाक्षी नटराजन, राजस्थान से नीरज डांगी, तमिलनाडु से प्रवीण चक्रवर्ती और झारखंड से प्रणव झा को टिकट मिला।

76 की उम्र में ली अंतिम सांस

फिल्म प्रोड्‌यूसर निहलानी का लंबी बीमारी से निधन

मुंबई (एजेंसी)। फिल्म प्रोड्‌यूसर और सीबीएफसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) के अध्यक्ष रहे पहलाज निहलानी का 76 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कई दिनों से बीमार थे। उन्होंने बुधवार देर रात 3 बजे आखिरी सांसें लीं। पहलाज निहलानी का अंतिम संस्कार आज 3 बजे मुंबई के सांताक्रूज श्मशान में हुआ। कोविड में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें कुछ दवाइयों से कॉम्प्लिकेशन्स हो गए थे, जिससे उनकी किडनी पर असर पड़ा था। उनका इसी से संबंधित इलाज चल रहा था।



सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष रहे

कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए होते हैं, यह हकदार से रोजगार छीनने जैसा

बड़ी डिग्री छिपाकर छोटी नौकरी पाना गलत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है। इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था।

मद्रास हाईकोर्ट के 2025 के आदेश को रद्द किया

बैंक में नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाई थी

कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना सही

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता।

बैंक के फैसले को सही ठहराया

इसके साथ ही पीठ ने उक्त कर्मचारी को नौकरी से निकालने के बैंक के फैसले को सही ठहराया। पीठ ने कहा कि योग्यता की ऊपरी सीमा निर्धारित करने के पीछे का तर्क सही और न्यायसंगत है। यानी उन लोगों को रोजगार के अवसर देना जो जिंदगी के हालात के कारण आगे नहीं पढ़ पाए। कोर्ट ने कहा, आदर्श नियोक्ता के तौर पर सरकार के लिए सही है कि वह ऐसे लोगों के लिए कुछ श्रेणियों के पद आरक्षित रखे, ताकि उन्हें अधिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों से मुकाबला करने पर मजबूर न होना पड़े, जिनके समक्ष उनके चयन की संभावना बहुत कम होती है।

LIC

भारतीय जीवन बीमा निगम

LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

इस तस्वीर में एलआईसी एजेंट को पहचानिए

आप नहीं पहचान पाएंगे

क्योंकि वह आपके परिवार में से ही कोई एक है...

हमारे एजेंट से आज ही संपर्क करे, जो आपका पारिवारिक मित्र है, और विचार विमर्श करें कि जीवन बीमा आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति और नियोजित रिटायरमेंट को पूरा करने में कैसे मददगार हो सकता है।

LIC/P1/2025-26/34/Hin

क्यूआर कोड स्कैन करें और डाउनलोड करें My LIC App

विज़िट करें: licindia.in

कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

खबर संक्षेप

1054 करोड़ से बनेगा गुरुग्राम का नया नागरिक अस्पताल

चंडीगढ़। गुरुग्राम में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार ने नए नागरिक अस्पताल के निर्माण को मंजूरी दे दी है। करीब 1054 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक अस्पताल भवन के निर्माण की जिम्मेदारी हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम को सौंपी गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि गुरुग्राम की पुलिस लाइन के निकट बनने वाला यह अस्पताल आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर कार्य को तेज करने के निर्देश दिए।

भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : कैप्टन अभिमन्यु

विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- गुमराह कर राजनीति कर रहे हैं विरोधी दल

नारनौंद की संगठनात्मक बैठक में बोले- पूर्व वित्तमंत्री, राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से देश में आएगा सामाजिक बदलाव

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों में ऐसी परंपरा देखने को नहीं मिलती। कार्यकर्ताओं को स्वयं को भाजपा का प्रतिनिधि मानते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वे गांव खांडा खेड़ी स्थित माता जियो देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित भाजपा की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नारनौंद हलका प्रभारी एवं विधायक कृष्ण कुमार, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी तथा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान भी मौजूद रहे।

नारनौंद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

■ कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान

■ सरकार की योजनाओं और नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश में राजनीतिक बदलाव के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का दौर भी शुरू हो चुका है। संसद और अन्य संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश की दिशा और दशा में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं जिस जिम्मेदारी को अपने हाथ में लेती हैं, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाती हैं। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहते हुए नए लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा सरकार की योजनाओं और नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। साथ ही विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल लोगों को गुमराह कर अपनी राजनीति चला रहे हैं, जबकि भाजपा विकास और सुशासन के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और मंडल स्तर पर बैठकों के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

12 फुट की सड़कें होंगी 18 फुट चौड़ी, हर 50 किमी पर बनेगा ईवी चार्जिंग स्टेशन

विजन-2047 की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नायब के निर्देश सड़क, ऊर्जा और परिवहन ढांचे को आधुनिक बनाने पर जोर

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को वर्ष 2047 तक आधुनिक और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आधारभूत ढांचे के व्यापक विस्तार पर जोर देते हुए मार्च 2027 तक प्रदेश की सभी 12 फुट चौड़ी सड़कों को 18 फुट चौड़ा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हर 50 किलोमीटर के दायरे में कम से कम एक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क आर्थिक विकास और आमजन की सुविधा का आधार है। उन्होंने अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने तथा निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को जल्द मिलेगी आवास सुविधा : सीएम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक परिवार को रहने के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में शेष बचे सभी पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न मिले। हरियाणा विजन-2047 के तहत हाउसिंग फोर ऑल विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य मिशन मोड में कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अपात्र व्यक्ति या परिवार को योजना का लाभ दिया गया तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

एक किलोवाट उपभोक्ताओं के घर बिना बैंक गारंटी लगेगा सोलर सिस्टम: विज

■ किसानों की खाली जमीन पर लगेंगे सोलर प्लांट

■ सरकार खरीदेगी उत्पादित बिजली

चंडीगढ़। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए नई योजना पर काम कर रही है। इसके तहत एक किलोवाट लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं के घर बिना बैंक ऋण और बैंक गारंटी के सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। विभागीय कर्मचारी स्वयं उपभोक्ताओं के घर जाकर पूरी प्रक्रिया पूरी करेंगे। सोलर सिस्टम लगने के बाद उपभोक्ताओं का बिजली बिल लगभग शून्य हो जाएगा। विज ने बताया कि प्रदेश में एक किलोवाट तक के सात लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिल सकता है। इसके अलावा नियमित रूप से बिजली बिल भरने वाले पांच किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी आसान किस्तों पर सोलर सिस्टम उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि किसानों की खाली पड़ी जमीन पर सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है, जहां उत्पादित बिजली सरकार खरीदेगी।

मुख्य सचिव रस्तोगी को आरटीएस कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को हरियाणा राइट टू सर्विस (आरटीएस) आयोग के मुख्य आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इस संबंध में सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। रस्तोगी अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आरटीएस आयोग के मुख्य आयुक्त की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। अनुराग रस्तोगी राज्य प्रशासन के वरिष्ठतम अधिकारियों में शामिल हैं और वर्तमान में मुख्य सचिव रूप में सेवाएं दे रहे है।

विभिन्न बोर्डों और आयोगों के नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने संभाला कार्यभार

चंडीगढ़। हरियाणा के विभिन्न बोर्डों एवं आयोगों के नवनियुक्त अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों ने गुरुवार को पंचकूला में आयोजित समारोह के दौरान विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने वालों में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह प्लाका, उपाध्यक्ष भारत भूषण टाक, हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी, हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के अध्यक्ष जसमेर बंजारा तथा हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर ने कार्यभार ग्रहण किया।

23 खिलाड़ियों को मिली कोच की नौकरी, गौतम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

■ ओलंपिक-2036 में 36 पदक जीतने का लक्ष्य, प्रशिक्षकों की होगी अहम भूमिका : गौरव गौतम

चंडीगढ़। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य का लक्ष्य वर्ष 2036 के ओलंपिक में 36 पदक जीतने का है और इस मिशन को पूरा करने में प्रशिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने नवनियुक्त कोचों से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में खेल मंत्री ने ग्रुप (क), (ख) और (ग) वर्ग में चयनित 23 खिलाड़ियों को प्रशिक्षक पद के नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें तीन सीनियर और 20 जूनियर प्रशिक्षक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि खेल विभाग पिछले एक महीने में 33 खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्ति दे चुका है। गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार की 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति खिलाड़ियों को भविष्य की चिंता से मुक्त कर खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। सरकार खिलाड़ियों को सम्मान के साथ सुरक्षित भविष्य भी प्रदान कर रही है, ताकि वे बिना किसी तनाव के देश के लिए पदक जीत सकें। उन्होंने प्रशिक्षकों से गांवों और कस्बों की उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें खेलों के लिए तैयार करेंगे।

कानून व्यवस्था पर विस विशेष सत्र बुलाए सरकार

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और इस गंभीर मुद्दे पर सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।

हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध, संगठित अपराध, हत्या और अन्य गंभीर वारदातों के मामलों में हरियाणा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उनका आरोप था कि आम नागरिकों से लेकर व्यापारी, डॉक्टर और अन्य वर्गों के लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने एसवाईएल, नई विधानसभा और अन्य राज्यहित के मुद्दों पर भी सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही उन्होंने कच्चे कर्मचारियों और गेस्ट टीचर्स के संबंध में आए अदालत के फैसले का स्वागत किया।

पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम
जिला कैथल (हरियाणा)
E-Mail : jnvkaithal9@gmail.com, Website : https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KAITHAL/ en/home/

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के लिए वर्ष 2026-27 हेतु सूखा राशन सामग्री, दैनिक उपयोगी सामान (तेल, साबुन, पेस्ट, ब्रुश इत्यादि), ताजा फल एंव सब्जी, बाल कटिंग, यूनिफार्म धुलाई एंव प्रेस कार्य, हलवाई (मिठाई, समोसे, नमकीन इत्यादि बनाने हेतु), टॅक शाप छात्र एंव छात्राओं के लिए, ए.एम.सी. कार्य (कम्प्यूटर एंव सी.सी.टी.वी.), दूध एवं दूध उत्पादों हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 19.06.2026 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सीलबंद निविदाओं को दिनांक 22.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, जिला कैथल में क्रय सलाहकार समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा दाता निविदाओं से संबंधित समस्त विवरण (निविदा के नियम व शर्तें) की जानकारी एंव निविदा फार्म विद्यालय कार्यालय से प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रातः 09.30 से 02:00 तक रू 500/- अदा करके प्राप्त किए जा सकते हैं या विद्यालय की अधीकृत वेबसाईट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KAITHAL/en/home/ से डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्र को जमा कराते समय रू 500/- प्रपत्र शुल्क एंव बोली सूरक्षा राशि संबंधित निविदा के साथ अलग-अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर संलग्न करें (चेक स्वीकार नहीं होगें)। निविदा को विद्यालय में दिनांक 19.06.2026 सांय 04:00 बजे तक उपस्थित होकर तथा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से विद्यालय में रखे सीलबद्ध बाक्स में डाला जाएगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के पास रहेगा।

प्राचार्य, पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, जिला कैथल (हरि०)

उद्यान विभाग, हरियाणा
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर खुले क्षेत्र एवं संरक्षित संरचनाओं की ट्रैक्टर द्वारा जुताई करवाने, गोबर की खाद (Farm Yard Manure) पहुंचाने के कार्य हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर वर्ष 2026-27 के लिए खुले क्षेत्र एवं संरक्षित संरचनाओं के अन्दर ट्रैक्टर चालित अन्य यन्त्रों द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस कार्य हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

क्रम सं.	कार्य विवरण	दर(रु०/एकड)
1.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा हैरो (harrow) से जुताई करना	
2.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा कल्टीवेटर (cultivator) से जुताई करना	
3.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा रूटावेटर (rotavator) से जुताई करना	
4.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा बैड (1.2 mtr. Width, 15cm height) बनाना	
5.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा सुहागा लगाना	
6.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर चालित लेजर लेवलर द्वारा समतलीकरण का कार्य कराना	
7.	गोबर खाद (FYM) ट्रैक्टर ट्रोली (20 कु०/ ट्रॉली) द्वारा 5-10 कि.मी. दूरी से केन्द्र पर पहुंचाना	
8.	गोबर खाद (FYM) ट्रैक्टर ट्रोली (20 कु०/ ट्रॉली) द्वारा 10-20 कि.मी. दूरी से केन्द्र पर पहुंचाना	
9.	खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर लगी फसल पर ट्रैक्टर चालित स्प्रे पम्प द्वारा स्प्रे करने का कार्य करना	

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 11.06.2026 दोपहर 12:00 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विषेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1116/2027/45894/88/6 दि. 04.06.2026

पीएम सूर्य घर योजना में हरियाणा को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम पीएम सूर्य घर के दो वर्ष-एक करोड़ छतों तक सौर ऊर्जा का विस्तार के दौरान नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरियाणा को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने हरियाणा सरकार के विशेष ऊर्जा सचिव एवं उत्तर-दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह को ये पुरस्कार प्रदान किए। मई 2026 में आयोजित मंथ ऑफ सोलर अभियान के तहत हरियाणा को पीएम सूर्य घर एक्सीलेंस अवॉर्ड' के लिए चुना गया। राज्य ने सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदनों की श्रेणी में तीसरा स्थान (17,142 आवेदन), सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन में दूसरा स्थान (11,983 स्थापना) तथा सर्वाधिक डिस्कॉम निरीक्षण की श्रेणी में तीसरा स्थान (12,514 निरीक्षण) हासिल किया।

ISGEC इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
CIN: L23423HR1933PLC000097
पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
Telephone: +91-1732-661061 / 661158
Email: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

सूचना

फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुन:प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो

सभी संबद्ध शेयरधारकों को यह सूचित किया जाता है कि सेबी सर्कुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, फिजिकल शेयरों से संबंधित ट्रांसफर डीड्स के पुनःप्रस्तुतीकरण हेतु एक स्पेशल विंडो 5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए खोली गई है, जिसमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं :

- हस्तांतरण आग्रह पूर्व में जमा करवाए गए थे और दस्तावेजों अथवा प्रक्रियाओं में कमी की वजह से निरस्त कर दिए गए/लौटा दिए गए/ध्यान नहीं दिया गया; अथवा
- ऐसे हस्तांतरण आग्रहों को नए सिरे से प्रस्तुत किया जा रहा है, बशर्ते कि निर्धारित शर्तें पूर्ण करते हों।

कृपया ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत हस्तांतरित किए गए ऐसे शेयरों को केवल डिमैट मोड में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिटेड किया जाएगा और हस्तांतरण की पंजीकरण तिथि से एक (1) वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के तहत होंगे। ऐसी प्रतिभूतियों को उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरित/स्वत्व-चिन्हित/गिरवीकृत नहीं किया जाएगा। संबद्ध शेयरधारकों को परामर्श दिया जाता है कि इस अवसर को ध्यान में लाएं और अपने हस्तांतरण आग्रहों सहित अपेक्षित दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रांर एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 के पास पुनःप्रस्तुत करें, टेली. : 011-42541234, 23541234; ई-मेल : rta@alankit.com अथवा ramap@alankit.com

100 दिवसीय अभियान-"सक्षम निवेशक": निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") ने उन शेयरधारकों तक पहुंचने के लिए द्वितीय 100 दिवसीय अभियान-"सक्षम निवेशक" का सूत्रपात 01 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक किया है, जिनके लाभांश भुगतान नहीं किये गये / दावा नहीं किए गए हैं, और जिनके आपके ग्राहक को जानो (केवाईसी) और अन्य विवरण अद्यतन नहीं किए गए हैं।

इस अभियान के दौरान वे सभी शेयरधारक जो अपना लाभांश दावा नहीं कर चुके हैं/लाभांश भुगतान नहीं हुआ है अथवा अपना केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट नहीं करवा चुके हैं,से आग्रह किया जाता है कि ऊपर दिए गए पते पर कंपनी के आरटीए से संपर्क करें। इस संबंध में एक ई-मेल कंपनी को roynr@isgec.com पर भेजी जा सकती है।

केवाईसी अपडेट, फिजिकल शेयरों को डिमैट मोड में बदलना, और दावा नहीं किए गए लाभांश: जो शेयरधारक फिजिकल रूप में शेयर धारण कर रहे हैं, से आग्रह किया जाता है कि अपने केवाईसी अपडेट करें और अपने फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स को डिमैटिरियलाइज्ड रूप (इलेक्ट्रॉनिक रूप) में बदलने का भी आग्रह किया जाता है। ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, प्रतिभूति धारक ई-मेल आईडी पंजीकरण करवाएं। इस संबंध में संबद्ध विवरण कंपनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं।

शेयरधारकों से यह भी आग्रह किया जाता है कि अपनी दावा नहीं की गई लाभांश राशियों का दावा करें, अन्यथा इनको शेयरों सहित सात वर्ष की समाप्ति के पश्चात, जहां भी आवश्यक हो, निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
कल्याण घोष
अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं. ए10790

स्थान : नोएडा
दिनांक : 04.06.2026

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग निदेशालय, हरियाणा	सूचना, लोक सम्पर्क, भाषाएं विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ में पीएमयू यूनिट के लिए मैनपावर एजेंसी को किराये पर लेना।	05.06.2026 22.06.2026		https://prharyana.gov.in https://etenders.hry.nic.in	0172-5059101 dipritcell@gmail.com
2	लोनिवि भ व प करनाल	ज्यूडीशियल कॉलोनी, पानीपत में स्ट्रीट लाइट के रखरखाव का प्रावधान + 2 कार्य।	04.06.2026 10.06.2026	32.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प हिसार	हिसार जिला (रोड आईडी 11549) (हिसार और नलवा निर्वाचन क्षेत्र) में सपरा हॉस्पीटल (आरडी 193.300) से बाईपास राजगढ़ रोड (आरडी 198.990) तक हिसार शहर के पुराना एनएच-65 आंतरिक शहरी भाग की विशेष मरम्मत (सी.एम. घोषणा सं. 27824 दिनांक 20.7.2024) (33 केवी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)।	03.06.2026 09.06.2026	114.46 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प हिसार	फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (केबलिंग, 11 केवी सब स्टेशन, 250 केवीए डीजी, यूपीएस और स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य।	03.06.2026 09.06.2026	549.24 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
5	लोनिवि भ व प हिसार	फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट (15 पैसेंजर लिफ्ट) का प्रावधान + 1 कार्य।	03.06.2026 09.06.2026	71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
6	लोनिवि भ व प रोहतक	वर्ष 2026-2027 हेतु विद्युत उपमंडल सं. 1 (पार्ट-I) रोहतक के तहत विभिन्न विद्युत उपकरणों के लिए एएमसी + 6 कार्य।	03.06.2026 10.06.2026	110.92 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in
7	आयुष विभाग कैथल	अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 समारोह के लिए आईडीवाई लोगो (फ्रंट में) और स्लोगन (बैक पर) सहित लगभग 3500 सफेद गोल गले की टी-शर्ट्स (160 जीएसएम) की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना।	02.06.2026 11.06.2026	ईएमडी 5000/-	https://etenders.hry.nic.in	9416544440 daokaithal3@gmail.com
8	पंचायती राज अम्बाला	एचजीवीवाई-गांव बरनाला, ब्लॉक अंबाला-II में राजा गार्डन कॉलोनी में ड्रेन्स और नाला का निर्माण (पुनर्निविदा)+1 कार्य	03.06.2026 09.06.2026	31.80 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in
9	पंचायती राज सोनीपत	स्पेशल इंटेंशिव रिविजन (निर्वाचन कार्यालय सोनीपत) हेतु सूचना के मुद्रण का दर अनुबंध।	बंद होने की तिथि 12.06.2026		https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
10	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक	खाचरौली माइनर आरडी 0 से 45000 तक पैचेज की मरम्मत + 4 कार्य।	03.06.2026 10.06.2026	34.63 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896410404 xenfdrrtk@gmail.com
11	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना	भालौठ सब ब्रांच के आरडी 0 से 45000 तक विभिन्न संरचना का पुनर्निर्माण/निर्माण।	23.05.2026 15.06.2026	2055.75 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996532800 xenghn@rediffmail.com
12	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा	मोजुखेड़ा सेक्शन में आरडी 5800 पर एसजीसी अनलाइंड चैनल के हैड रेगुलेटर के पुराने और क्षतिग्रस्त गेट एंड गियरिंग को बदलने के लिए आकलन + 16 कार्य।	बंद होने की तिथि 10.06.2026	72.24 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1666235721 xenghaggar@gmail.com
13	मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत	मिठाइयां और पनीर।	02.06.2026 16.06.2026	15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8708859410 mnssrai@rediffmail.com
14	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली	मंडी डबवाली :- "उत्तम नगर में आईपीएस, संग्रहण टैंक (6.00 Ã-4.00 M), पंप चैंबर, चार दिवारी के निर्माण के कार्य, पंपिंग मशीनरी की स्थापना और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और बिछाना इसके साथ-साथ उससे संबध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी"। सीएच.हैड :-मंडी डबवाली :-डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण और नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य।	03.06.2026 24.06.2026	1589.68 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/280/45902/I/88/6 दि. 04.06.26

खबर संक्षेप

पूर्व विधायक छौक्कर का व्हाट्सएप हैक कर 26 हजार लोगों से मांगे पैसे

पानीपत। साइबर अपराधियों ने समालखा के पूर्व विधायक एवं इनेलो नेता भरत सिंह छौक्कर को पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा देकर उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। इसके बाद ठगों ने उनके अकाउंट से जुड़े हजारों लोगों को पैसे मांगने वाले संदेश भेजने शुरू कर दिए। पूर्व विधायक के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर पेट्रोल पंप आवंटन की बात कही और एक अन्य नंबर पर संपर्क करने को कहा। कॉल करने के कुछ समय बाद उनका फोन और व्हाट्सएप असामान्य रूप से काम करने लगा। बाद में परिचितों से जानकारी मिली कि उनके नाम से लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने साइबर थाना पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अकाउंट को रिकवर कर लिया। करीब डेढ़ घंटे के भीतर साइबर ठगों ने उनके संपर्कों और समूहों में जुड़े लगभग 26 हजार लोगों तक फर्जी संदेश पहुंचा दिए थे। पुलिस आरोपियों का पता लगा रही है।

खालिस्तान के नाम का चेतावनी भरा ईमेल आने से अलर्ट

मुख्य सचिवालय समेत कई मंदिरों को बम से उड़ाने से धमकी, पुलिस ने परिसर खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा और पंजाब के कई महत्वपूर्ण स्थलों व धार्मिक स्थानों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पंजाब और हरियाणा मुख्य सचिवालय को भी निशाने पर लिया गया है। 4 जून को सचिवालय के कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सूचना के तुरंत बाद में कार्रवाई करते हुए बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वायड ने परिसर को खंगाला, हालांकि प्रारंभिक जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

पंजाब व हरियाणा में जांच के बाद कुछ संदिग्ध नहीं मिला, बार-बार फर्जी धमकी को लेकर प्रशासन बना रहा रणनीति

पंजाब के कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे दुर्गियाना मंदिर, देवी तालाब मंदिर और काली देवी मंदिर को भी दोपहर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। एहतियात के तौर पर सचिवालय परिसर में भारी पुलिस बल, सीआरपीएफ, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की तैनाती कर दी है।

यहां पर बता दें कि चंडीगढ़ सचिवालय और वीआईपी परिसरों को धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है। पिछले कुछ माह में शरारती तत्वों और खुद को खालिस्तान समर्थक बताने वाले संगठनों द्वारा ऐसी कई फर्जी धमकियां दी जा चुकी हैं। इसके पहले 21 मई को भी एक मेल के जरिये हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय चंडीगढ़ के स्कूल और अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग उड़ाने की धमकी दी गई थी, लेकिन यह फर्जी निकली। अब शासन व प्रशासन इन फर्जी मेल को लेकर नई रणनीति बना रहा है।

कुरुक्षेत्र। स्थाणु महादेव मंदिर में जांच करती डॉग स्क्वायड टीम।

सीएम को कुरुक्षेत्र के जिस मंदिर में आना है, उसी में धमाके की धमकी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा में एक बार फिर खालिस्तान के नाम पर धमकी भरा ई-मेल भेजे जाने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से भेजे गए ई-मेल में हरियाणा को खालिस्तान बनाने का दावा किया गया है। ई-मेल में कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध स्थाणु महादेव मंदिर और पिहोवा के कार्तिकेय मंदिर को उड़ाने की धमकी दी गई है। इस धमकी के बाद मंदिर में डॉग स्क्वायड टीम जांच करने के लिए पहुंची। इसके अलावा गुरुग्राम मेयर कार्यालय, नगर निगम कार्यालय और रेलवे ट्रैक पर भी आईईडी धमाके करने की चेतावनी दी गई है। यह धमकी ऐसे समय में आई है, जब मुख्यमंत्री नायब सैनी के 5 जून और 8 जून के कुरुक्षेत्र के कार्यक्रम हैं। कुरुक्षेत्र के जिस स्थाणु मंदिर को उड़ाने की धमकी मिली है, उस मंदिर में 8 जून को सीएम का कार्यक्रम है। उसी दिन सीएम सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से रवाना करेंगे। धमकी भरे ई-मेल की शुरुआत ही "हरियाणा बनेगा खालिस्तान" शब्दों से की गई है। इसमें दावा किया गया कि हरियाणा के कई हिंदू मंदिर उनके निशाने पर हैं।

रेलवे ट्रैक पर भी खतरा

धमकी भरे मेल में 5 और 6 जून को चंडीगढ़, अंबाला और दिल्ली के बीच रेलवे ट्रैक पर आईईडी विस्फोट करने की बात भी कही गई है। मेल भेजने वाले ने लोगों को यात्रा नहीं करने की चेतावनी तक दी है।

ड्यूटी से गैरहाजिर मिलीं राजौंद की नायब तहसीलदार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

राजौंद में डीसी अपराजिता के औचक निरीक्षण के महज 24 घंटे बाद बड़ा प्रशासनिक एक्शन देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान कार्यालय से अनुपस्थित मिलने वाली नायब तहसीलदार स्नेह लता को सरकार ने सस्पेंड कर दिया। डीसी ने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे राजौंद के तहसील, बीडीपीओ कार्यालय और नगर पालिका का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर, विभिन्न शाखाओं के रिकॉर्ड और जनसेवाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की थी थी। तहसील में निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार स्नेह लता अपने कार्यालय से अनुपस्थित मिलीं। इस पर डीसी ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। निरीक्षण के दौरान डीसी ने तहसील परिसर में मौजूद शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं थी। शिकायतकर्ताओं में नायब तहसीलदार के खिलाफ रोष देखने को मिला था।

कनाडा और अमेरिका गए हरियाणा के दो युवकों की जान गई

कनाडा में पूल में डूबने से मौत, दिसंबर में थी शादी

हरिभूमि न्यूज\कुरुक्षेत्र। करीब दो वर्ष पूर्व कनाडा गए लाडवा निवासी मंदीप सिंह (21) के साथ वहां स्विमिंग पूल में हादसा हो गया। 20 मई को कनाडा के हेमिल्टन शहर में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पूल में फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। ज्यादा देर तक पानी में डूबे रहने से इलाज के दौरान तीसरे दिन उसने दम तोड़ दिया। मंदीप कनाडा में बच्चों की हेल्थ केयर से जुड़े फील्ड में काम कर रहा था। परिवार ने कनाडा से बॉडी पहुंचने के बाद उसका दाह संस्कार कर दिया। चाचा रामकुमार ने बताया कि मंदीप की बॉडी को उनके बड़े लड़के के दोस्त कुरुक्षेत्र निवासी अमन ने भिजवाया। मंदीप उसके साथ ही ब्रैम्पटन में रहता था। बॉडी भारत आने में करीब 14 लाख रुपये खर्च हुए। उन्होंने बताया कि मंदीप के पिता खेती-बाड़ी का काम करते हैं। मंदीप की हलालपुर की लड़की के साथ दिसंबर में शादी होनी थी।

डंकी रूट से गए युवक की अमेरिका में हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज\करनाल। करनाल जिले के गांव पाढा निवासी एक युवक की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक वहां ट्रक चालक था। गमजदा परिजन शव को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार, 27 वर्षीय अंकित करीब पांच साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। वहां उसने ट्रक चलाना शुरू किया। परिवार के अन्य सदस्य भी अमेरिका में रह रहे हैं। परिजनों ने बताया कि अंकित कुछ दिन पहले ट्रक लेकर जा रहा था। इसी दौरान हुए हादसे में वह ट्रक के नीचे आ गया। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार और प्रशासनिक स्तर पर शव को भारत लाने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। परिजनों को उम्मीद है कि तीन से चार दिनों के भीतर शव गांव पहुंच जाएगा, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों का एनकाउंटर, एक को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज\जींद। हफ्ता वसूली के मामले में आरोपियों की गांव ईक्कस के निकट वीरवार सुबह पुलिस के एवीटी स्टाफ से मुठभेड़ हो गई। एनकाउंटर में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए बदमाश सफीदों में ढाबा संचालक से मारपीट, तोड़ फोड़ करने तथा धमकी देकर हफ्ता वसूली के मामले में वांछित थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो कारतूस तथा गाड़ी को बरामद किया है। घायल बदमाश को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल बदमाश की पहचान गांव कुरड़ निवासी तपन के रूप में हुई। दूसरे बदमाश की पहचान गांव ऐंचरा खुर्द निवासी गोवर्धन के रूप में हुई।

सीएलयू के लिए आवश्यक दस्तावेजों की संख्या 19 से घटाकर केवल 3 की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए नई पीढ़ी की व्यवस्था और नियामकीय सुधारों को आगे बढ़ा रही है। इनमें प्रस्तावित राइट टू बिजनेस फ्रेमवर्क, मांग-आधारित भूमि उपयोग नियोजन, युक्तिसंगत अग्नि सुरक्षा मानदंड, स्वास्थ्य क्षेत्र में एकीकृत अनुमोदन प्रणाली तथा कानूनों एवं सरकारी अधिसूचनाओं का केंद्रीकृत डिजिटल भंडार विकसित करना शामिल है।

97	DDNO 58 DT 07.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	HR11L1528	M/C SPLENDER+		HA10AG8HMA4348	MBLHARO80JHM58523
98	DDNO 58 DT 07.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	SCOOTY		JF08E5134570	NILL
99	DDNO 58 DT 07.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	HR12Q6841	SCOOTY		PEEAK363884	MCBFRIBIVAIK69718
100	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C PLATINA		DUVBRE46199	NILL
101	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C HF DELUXE		HA11EC9C29556	MBLHA11ENC9C17906
102	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	DL65BA3622	M/C KTM		890652977	2JVCYGBJC03070
103	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C CD DOWN		03K27E01385	03K27F20351
104	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C HONDA		JC71ET3048374	ME4JC717EJT031149
105	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	HR13Q1607	M/C PLATINA		PFYWKD08831	MD2A76AY2KWD05634
106	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C SPLENDER		HA10ELEHE59182	NILL
107	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	DL10S1585	M/C YAMAHA		4581040951	ME1458012A2040752
108	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C DISCOVER		PZREJ85640	MD2A57B23FRK75242
109	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	M/C PLATINA		DUUBSK92294	MD2DDDZZZSPK05111
110	DDNO 34 DT 08.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	W/NO	SCOOTY		JO44E0621247	ME4JC445DA843403
111	DDNO 55 DT 09.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	HR77C6154	M/C CT 100		PFXWME86133	MD2DBBSAX9MWE21399
112	DDNO 31 DT 10.02.2026	47GHP ACT	SAMPLA	HR12V4076	SCOOTY		JF21E80057772	ME4JF215FD8049282
113	DDNO 45 DT 30.06.2025	47GHP ACT	PGIMS	HR38B5868	M/C SPLENDER	BLACK	HA11EJF9K57269	MBLHA10EEAG03389
114	DDNO 26 DT 07.02.2026	47GHP ACT	KALANAUR	HR16L5487	SPLENDER		.02F1887989	02E20F09060
115	DDNO 26 DT 07.02.2026	47GHP ACT	KALANAUR	HR16E9812	SPLENDER		06L15E07945	06L16F08050
116	DDNO 37 DT 30.09.2025	47GHP ACT	KALANAUR	NILL	SPLENDER	RED	NILL	05E29F455
117	DDNO 44 DT 23.10.2025	47GHP ACT	KALANAUR	NILL	SPLENDER		HA10EYFHL37921	MBLHA10EJ99G15175
118	DDNO 32 DT 27.11.2025	47GHP ACT	KALANAUR	RJ14BK5150	PASSION PRO M/C		HA10EDBHG09271	MBLHA10EWBGH12141
119	DDNO 32 DT 24.01.2026	47GHP ACT	KALANAUR	NILL	HONDA SHINE		JC65ET08890020	ME4JC651GFT061898
120	DDNO 28 DT 25.01.2026	47GHP ACT	KALANAUR	NILL	M/C CD DOWN		05L29E49420	05L29F50153
121	DDNO 37 DT 25.08.2025	47GHP ACT	S/C	NILL	M/C SPLENDER	BLACK	NILL	MBLHA078JHB77032
122	DDNO 38 DT 09.10.2025	47GHP ACT	S/C	NILL	HONDA SHINE BLACK		HC15EG1345513	NILL
123	DDNO 55 DT 10.09.2025	47GHP ACT	S/C	HR12A7704	M/C SPLENDER BLACK		HA10EA9HJ54291	MBLHA10EJ9HJ05207
124	DDNO 44 DT 08.08.2025	47GHP ACT	S/C	NILL	BAJAJ PULSAR	BLACK	DJYCJL11648	MD2A12DY4JCL59858
125	DDNO 10 DT 06.02.2026	47GHP ACT	S/C	HR12Z5195	BAJAJ PLATINA	READ	DZZPFK76738	MD2A18ZZ0FTK06491
126	DDNO 10 DT06.03.2026	47GHP ACT	S/C	HR12L2688	TVS STAR CITY	READ	AF5E71862971	MD625KF5X73E77015
127	DDNO 19 DT 21.02.2026	47GHP ACT	S/C	NILL	HERO SPLENDER	BLACK	HA10EA89D40859	NILL
128	DDNO 09 DT 28.09.2025	47GHP ACT	U/E	NILL	SCOOTY	WHITE	NILL	NILL
129	DDNO 22.DT 19.10.2025	47GHP ACT	U/E	NILL	M/C PLATINA	BLACK	PFXPRK37901	MD2B63AX3RPK03290
130	DDNO34 DT 12.08.2026	47GHP ACT	C/L	HR06AT5494	M/C SPLENDER	BLACK	HA10AGKHGA8219	MBLHAW092KHG66995
131	DDNO 34 DT 12.08.2026	47GHP ACT	C/L	GJ05LR1746	BAJAJ PULSAR		DKZCEG67411	MD2ABEZ1ECG77037
132	DDNO 24 DT 07.01.2026	47GHP ACT	C/L	HR12AG8875	M/C SPLENDER	BLACK	HA10A	MBLHAR075JHE27276
133	DDNO 24 DT 07.01.2026	47GHP ACT	C/L	RJ14H4605	M/C HF DELUXE			MBLHA11AZG4M08018
134	DDNO 6 DT 06.12.2025	47GHP ACT	OSM	HR12J9349	M/C HF DELUXE		NILL	.07F23F06711
135	DDNO 8 DT 11.09.2025	47GHP ACT	CIA 2	NILL	ACTIVA	GRAY	KWPGHMS1106A	ME4JF50ACJ8010289
136	FIR NO 73 /2023	FIR	C/L	HR12X8517	SCOOTY	WHITE	NILL	NILL
137	FIR NO 108/2024	FIR	C/L	HR14D3429	M/C SPLENDER		NILL	NILL
138	FIR NO 235/2024	FIR	C/L	HR12U3331	ACTIVA SCOOTY	BLACK	NILL	NILL
139	FIR NO 317/2024	FIR	C/L	HR12L2152	M/C SPLENDER		NILL	NILL
140	FIR NO 164/2023 U/S 467,468,420 IPC 61-4-20 EX ACT	FIR	L/M	UP82T7952	TRUCK		NILL	NILL
141	FIR NO 98/2023 U/S 279,304 A	FIR	L/M	HR12Q4133	M/C		HA10EGAQK09603	MBLHA1CABA9K03862
142	FIR NO 125/2021 U/S 279,304A	FIR	L/M	HR11B7796	M/C		NILL	NILL
143	FIR NO 06/2020 U/S 279,304A	FIR	L/M	HR12AG7199	M/C		HA10AHGHHG5822	98676
144	FIR NO 92/2025 U/S 125,281 BNS	FIR	L/M	HR12Q4332	M/C		F486449262	MB8CF4CAJA8214286
145	FIR NO 16/2016 U/S 279,304,	FIR	L/M	HR99QN(T)5429	CAR		NILL	NILL
146	FIR NO 91/2020 U/S 188 IPC	FIR	L/M	HR15B2830	M/C		HA10EJCHF04380	MBLHA10AMCHF03905
147	FIR NO 43/2023 U/S 363,376,511 IPC	FIR	L/M	HR31E3433	CAR		G4HG8M635689	MALAA51HR8M365040K
148	FIR NO 185/2022 U/S 379,392,397 IPC	FIR	L/M	HR12W4407	M/C		JC36E73136923	ME4JC36JLD7694948
149	FIR NO 300/2020 U/S 379B,392,397 IPC	FIR	L/M	HR12R2016	M/C		DUUBSL26720	MD2DDDZZZSPL39478
150	FIR NO 70/2024 U/S 379A,34 IPC	FIR	L/M	HR31D8858	M/C		DUMBPF14073	MD2DDDZZZPWF53798
151	FIR NO 354/2019 U/S 379 IPC	FIR	S/C	HR12M4530	Mc Splender		HA10EA9HH06048	MBLHA10EE9HH05410
152	FIR NO 223/2016 U/S 379 IPC, 411 IPC	FIR	S/C	HR12J6292	Mc Plentina		DUMBPA15875	MDDDZZZPWA57039
153	FIR NO 644/2020 U/S 380 IPC	FIR	S/C	HR31D7650	Mc Splender Hero		07J15E40887	07J16F30099
154	FIR NO 73/2023 U/S 379 IPC	FIR	S/C	DL4SNC7063	Scooty		JC44E0464231	ME4JC446AA8087291
155	FIR NO 42/2019 U/S 302 IPC	FIR	S/C	HR10T2910	Mc Pulsar 200		BKGBUM1160	MD2DHDJZZ4CN904
156	FIR NO 219/2019 U/S 279,0304A IPC	FIR	S/C	HR26AX8188	Scooty Aaccesses 125		F86210813	MB8CF4C98210907

शेष अगले पृष्ठ पर....

भ्रष्टाचार पर हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो का डिजिटल वार, डीजी चावला बोले

जल्द लॉन्च होगा मोबाइल एप, पांच महीने में 67 सफल ट्रैप ऑपरेशन

हर दूसरे दिन सफल रेड : एसीबी ने पांच माह में 83 मामले दर्ज कर भ्रष्टाचारियों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

एंटी करप्शन ब्यूरो भ्रष्टाचार के खिलाफ जल्द ही मुहिम को तेज करने जा रहा है। आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ ही शिकायत प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) एक अत्याधुनिक मोबाइल ऐप लॉन्च करने की तैयारी में हैं। ऐप के माध्यम से नागरिक भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ वीडियो, फोटो और अन्य साक्ष्य सीधे ब्यूरो तक पहुंचा सकेंगे। पंचकूला स्थित एसीबी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डीजी एसीबी सरदार एएस. चावला ने दी। चावला ने बताया कि प्रस्तावित मोबाइल ऐप को आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहद सरल बनाया जा रहा है। ऐप के माध्यम से संबंधित जिले की एसीबी यूनिट के अधिकारियों की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। शिकायतकर्ता पहचान गोपनीय रखते हुए भी भ्रष्टाचार की सूचना दे सकेंगें। वर्ष 2026 के पहले पांच माह में ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उल्लेखनीय अभियान चलाते हुए कुल 83 आपराधिक मामले दर्ज किए, जिनमें 67 ट्रैप ऑपरेशन के दौरान रिश्वत लेते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निजी व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आंकड़ा दर्शाता है कि ब्यूरो ने जनवरी से मई तक के 117 कार्य दिवसों में औसतन हर दूसरे दिन एक सफल रेड की है।

40 विभागीय जांच दर्ज, 73 अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई का सुझाव

चावला ने बताया कि एक जनवरी से 31 मई 2026 के दौरान ब्यूरो ने भ्रष्टाचार से संबंधित 40 विभागीय जांच दर्ज कीं, जिनमें नगर योजनाकार, तहसीलदार, बीडीपीओ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, चिकित्सक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। इस अवधि में 36 जांचें पूरी की गईं, जिनके आधार पर 63 राजपत्रित अधिकारियों और 10 अराजपत्रित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। वहीं, चार मामलों में 3 राजपत्रित अधिकारियों, 1 अराजपत्रित कर्मचारी और 16 निजी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। दर्ज 67 ट्रैप मामलों में गिरफ्तार आरोपियों में 8 ग्रुप-बी अधिकारी, 51 ग्रुप-सी कर्मचारी और 9 निजी व्यक्ति शामिल हैं। सभी मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच की जा रही है। प्रभावी जांच और मजबूत अभियोजन के कारण इस अवधि में 18 मामलों में 20 आरोपियों को सजा दिलाई गई है, जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं निजी व्यक्ति शामिल हैं। अधिकांश मामलों में अदालतों ने आरोपियों को पांच वर्ष तक के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

कानून का डर जरूर

चावला ने स्पष्ट कहा कि जो सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्ट हैं और बिना रिश्वत के लोगों के काम नही करते, उन्हें बख्शा नही जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि ऐसे भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्यवाही करें। ऐसे भ्रष्टाचारियों के मन में कानून का डर बिठाना है जो अपने पद का दुरूपयोग करते हैं। मुख्यमंत्री सैनी का मानना है कि सरकारी तंत्र में पारदर्शिता होनी चाहिए। ईमानदार लोगों को डरने की जरूरत नहीं और भ्रष्टचारी व्यक्ति के खिलाफ एक्शन जरूर होगा। निर्दोष व्यक्ति बेखौफ होकर अपना काम करें जबकि भ्रष्ट व्यक्ति आज नही तो कल कानून की गिरफत में जरूर होंगे। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमुख ए एस चावला ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से लेकर 31 मई 2026 तक ब्यूरो ने 117 दिनों (शनिवार-रविवार तथा अन्य अवकाश आदि छोड़कर) कुल 67 रेड की हैं जिसका अभिप्राय यह है कि ब्यूरों द्वारा कार्यदिवस में हर दूसरे दिन एक रेड की गई है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने बिछाया जाल

रिश्वत में गिरफ्तार दागियों दोबारा अहम पद नहीं देंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

एसीबी विभिन्न विभागों में रंगेहाथ भ्रष्टाचार में पकड़े जाने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सबक सिखाने के लिए खास रणनीति तैयार की है, ताकि पकड़े जाने के बाद दोबारा से अहम पद पर ना लगाए जा सकें। इतना ही नहीं, करप्शन में लिप्त दागियों का स्थायी उपचार करने के लिए हरियाणा सरकार के पास अहम सुझाव भी भेजे गए हैं। कुल मिलाकर दागियों को प्राइम पोस्टिंग नहीं मिल सकेगी, साथ ही पूर्व में जहां तैनात रहे उनको वहां पर दोबारा काम करने का मौका नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं विभाग के स्कैनर पर तीन टाप विभागों को छोड़कर बाकी भी हैं। इन विभागों में दलाली और रिश्वत का खेल करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार रणनीति तैयार की जा रही है। हरियाणा एसीबी डीजी का कहना है कि प्रदेश के अंदर कई विभाग उनके स्कैनर पर हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व, पुलिस और शिक्षा विभाग की आ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हांसी जिले को छोड़कर सभी जिलों में यूनिट तैयार हैं, करप्शन की सूचना जिलों की यूनिट को भी दी जा सकती हैं। विभागों के बाहर जल्द ही फलैक्स लगाए जाएंगे।

राजस्व, शिक्षा और पुलिस की ज्यादा शिकायतें, बाकी विभागों पर भी पैनी नजर

दागी अफसरों को 'ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी

जिलों में भी भ्रष्टाचार फैलाने और बदनामी करने वालों को लेकर भी काली सूची में डालने की तैयारी है। बिना रिश्वत काम न करने वाले अधिकारियों की एक गुप्त और अपडेट सूची तैयार की जा रही है। जिन पर प्राथमिकता के आधार पर अचानक कार्रवाई की जाएगी। एसीबी की टीमें आने वाले वक्त में एआई का प्रयोग भी करेंगी और आईटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सर्वोत्तम उपयोग के साथ पूर्णतः त्रुटिरहित संचालन करने का काम करेंगी। एक मामला अभी भी एसीबी के पास में है। एसीबी डीजी चावला ने एक सवाल के जवाब में बताया कि कोटक महेंद्रा बैंक के मामले में अभी भी एंटी करप्शन ब्यूरो ही काम कर रहा है। यहां पर याद रहे कि पचास करोड़ के पंचकूला नगर निगम मामले में एसीबी के पास में जांच है, जिस पर काम चल रहा है। चावला ने यह भी कहा कि सात से आठ अफसरों आईएएस और अन्य के नाम पूरे मामले में शामिल थे लेकिन हमने पर्मिशन के लिए आवेदन सरकार के पास नहीं भेजा था। बाद में मामला सीबीआई के पास चला गया अब उन्होंने कितने अफसरों की पर्मिशन मांगी है, इसकी जानकारी हमारे पास में नहीं है।

पूर्व भारतीय जासूस राणा ने की सुरक्षा देने की मांग

चंडीगढ़। पाकिस्तान में देशहित में कई संवेदनशील खुफिया मिशनों को अंजाम दे चुके पूर्व भारतीय जासूस जसविंदर राणा ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उनका आरोप है कि उन्हें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े तत्वों की ओर से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जसविंदर राणा ने कहा कि देश की सेवा के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के बावजूद वह वर्ष 2005 से भारत में भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार सुरक्षा संबंधी खतरे झेलने पड़ रहे हैं तथा पाकिस्तान से कथित तौर पर धमकी भरे फोन भी प्राप्त होते रहे हैं। राणा के अनुसार, वर्ष 2005 में पाकिस्तान में एक अत्यंत संवेदनशील मिशन सफलतापूर्वक पूरा कर भारत लौटने के बाद उनके खिलाफ खतरे और बढ़ गए। उस समय वह मुंबई में रह रहे थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें मुंबई छोड़कर देश के विभिन्न हिस्सों में रहना पड़ा।

पाकिस्तान खुफिया एजेंसी और आतंकी नेटवर्क से मिल रही हैं धमकियां

उत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-03/2026-27 दिनांक 02.06.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र सं.: 1 निविदा संख्या : 30विद्युत-03/2026-27 (ओपन टेंडर)

कार्य का नाम : अहमदगढ़, धुरी, किला रायपुर, संगरूर, लहरगागा, जमालपुर शेखान, धबलान, दाउन कलां, छिन्तन वाला रेलवे कॉलोनियों में स्टाफ क्वार्टरों में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और सहारनपुर–अंबाला–चंडीगढ़–मोरिंडा खंड की रेलवे कॉलोनियों में 9 ट्यूबवेल, 3 भूमिगत टैंक (225 किलोलीटर), 1 खुला टैंक (125 किलोलीटर) और 2 आरसीसी स्टेजिंग प्रदान करके जल आपूर्ति में सुधार और क्षतिग्रस्त जल पाइपलाइन में सुधार।

लगभग लागत (रु.) : रु. 1,43,80,508.61

बोली प्रतिभूति (रु.) : रु. 2,87,600/-

पूर्ण होने की अवधि : 06 महीने

बंद करने और खोलने की तिथि : 29.06.2026

6) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **7)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **8)** कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **9)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **10)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1910/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-06-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को **15:00 बजे** तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको **15:00 बजे** के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं. 1. : निविदा संख्या : ETrU-T-06-2026-27

कार्य का विवरण : अंबाला मंडल के अंतर्गत SRE-UMB-DHPR, UMB-LDH एवं JHL-HSR-LDH खंडों पर उच्च एमएमडी (MMD) परिवहन उत्पादों तथा डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनरों (DSDC) के सुरक्षित आवागमन हेतु अवरोधों को हटाने के संबंध में ओवरहेड लाइन (OHE) संरचनाओं पर उच्च वोल्टेज संयुक्त इन्सुलेटेड कोटिंग (Composite High Voltage Insulated Coating) की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग हेतु कार्य।

निविदा बंद/खुलने की तिथि : 25.06.2026

लगभग लागत : रु. 88,89,188.55/-

धरोहर राशि : रु. 1,77,800/-

कार्य पूरा करने की अवधि : 07 महीने

वैधता अवधि : 60 दिन

टेण्डर फॉर्म की कीमत : Downloading through IREPS portal -NIL, (Rs. 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। **2.** निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। **3.** कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। **4.** कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार है: "Execution of application of high voltage insulating paint coating on installations of 25 KV and above including 2x25 KV system". **5.** टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

सं.: ETrU-T-06-2026-27 दिनांक: 03.06.2026 **1890/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी बोले

सरकार 2027 तक 5,000 ई 85 ईंधन स्टेशन शुरू करेगी

दिल्ली, मुंबई, पुणे और नागपुर में होगी शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत देश में फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध तरीके से ई85 ईंधन वितरण स्टेशनों का विस्तार करेगा। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र , मुंबई, पुणे और नागपुर सहित प्रमुख शहरी गलियारों में शुरुआत में 100 तक ई85 ईंधन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।नई दिल्ली में मारुति सुजुकी वैगनआर फ्लेक्स फ्यूल के लॉन्च कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ई 85, जिसमें 85 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रित होता है, को भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के तहत फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए मोनो-फ्यूल मानक के रूप में चिन्हित किया गया है।

यह सबसे स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से एक

उन्होंने कहा कि ई85 को भारत के वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ते कदम के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में भी सबसे स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से एक माना जा रहा है। पुरी ने बताया कि फ्लेक्स-फ्यूल अवसंरचना का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। दिसंबर 2026 तक स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 500 की जाएगी। 2027 के अंत तक देश के प्रमुख शहरों में 5,000 आउटलेट स्थापित करने का लक्ष्य है।

अन्नामलाई भाजपा छोड़ेंगे या नहीं सस्पेंस, नई पार्टी की भी अटकलें

चेन्नई। तमिलनाडु में भाजपा के फायरब्रांड नेता के. अन्नामलाई ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलने के बाद से ही ये अटकलें लग रही हैं कि उन्होंने इस्तीफा देने का मन बना लिया है। लेकिन सूत्रों की मानें तो अन्नामलाई ने अब भी भाजपा का हिस्सा हैं, उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। सूत्र ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत के दौरान न तो इस्तीफे पर चर्चा हुई और न ही उन्होंने इस्तीफा दिया है. मंगलवार को दिल्ली में अन्नामलाई ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उधर तमिलनाडु में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सियासी गलियारों में हलचल इस बात को लेकर बढ़ गई है कि वह कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। अन्नामलाई जल्द नई पार्टी की घोषणा कर सकते हैं।

अदालतों में एआई के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया 'ड्राफ्ट', मांगे सुझाव

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देश की सभी अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को विनियमित करने के लिए अदालतों में एआई के इस्तेमाल के लिए नियम, 2026 का एक ड्राफ्ट जारी किया है। कोर्ट ने इस मसौदे पर संबंधित पक्षों और आम जनता से 20 जून, 2026 तक सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। सुप्रीम कोर्ट की एआई समिति की देखरेख में तैयार इस ड्राफ्ट का उद्देश्य न्यायपालिका में एआई के जिम्मेदारी से उपयोग के लिए एक सुरक्षित ढांचा तैयार करना पर है।

टीएमसी में बगावत और तेज, 'अपने' उठाने लगे सवाल

ममता बनर्जी के तेवरों से भड़के विधायक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी अपना वजूद बचाने की चुनौती से जूझ रही है। टीएमसी के 80 में से 60 विधायकों के पार्टी से बगावत करने का दावा किया जा रहा है। बंगाल चुनाव में मिली हार के बाद विधायकों के बगावत करने का खुलासा अब पार्टी से निष्कासित नेता संदीपन साहा ने कर दिया है। साहा ने बताया कि बगावत की नींव चुनाव नतीजे आने के बाद छह मई को हुई पार्टी बैठक में ही पड़ गई थी। साहा ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम का 'ट्रिगर पॉइंट' पार्टी की चुनावी हार के बाद आया। उन्होंने कहा कि जब वे पार्टी की बैठक में शामिल हुए, तो सभी विधायकों को एक निर्देश जारी किया गया कि अभिषेक बेनर्जी के बारे में कोई भी आलोचनात्मक शब्द कहने की इजाजत नहीं होगी।

पूर्व विधायक के घर छापा

एनआईए ने गुरुवार को भांगड़ के दक्षिण बामुनिया इलाके में टीएमसी के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला के घर की तलाश ली है। बंगाल चुनाव से ठीक पहले दक्षिण बामुनिया इलाके में बम धमाका हुआ था।

टीएमसी नेता दत्ता गिरफ्तार

टीएमसी के नेता परितोष दत्ता को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी सुरेंद्रनाथ कॉलेज हथियार मामले में हुई है। पुलिस आयुक्त ने पुष्टि की कि बर्धमान से गिरफ्तार किया है।

दीदी के करीबी मेयर ने दिया इस्तीफा

ममता बेनर्जी इस वक्त सबसे मुश्किल घड़ी का सामना कर रही हैं। 28 साल पुरानी पार्टी तृणमूल कांग्रेस एक हार से टूट गई है। इस बीच टीएमसी में ममता बनर्जी के कई करीबी नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं। अब कृष्णा चक्रवर्ती ने बिधाननगर म्युनिसिपैलिटी के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। गृह मंत्रालय को लेकर भड़काऊ बयान देने के मामले में बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है। एक वकील की शिकायत के आधार पर यह केस दर्ज किया गया है। यह शिकायत 2 जून को कोलकाता में रानी राशमोनी रोड पर एक विरोध सभा के दौरान ममता की टिप्पणियों से संबंधित है।

पिछले पृष्ठ का शेष...

S/N	DDE NO & U/S DATE	U/S	POLICE STATION	REG NO OF VEHICLE	Marka & Model	Colour	ENGINE NO	CHASIS NO
157	FIR NO 76/2018	FIR	PGIMS	HR12AC7397	CAR SCORPIO		NILL	NILL
158	FIR NO 26/2023	FIR	B/A	HR12Q2190	M/C		NILL	NILL
159	102 CRPC	FIR	B/A	NILL	M/C		NILL	.06E16F09167
160	102 CRPC	FIR	B/A	NILL	M/C		NILL	.06L16F28406
161	FIR NO 135 DATE 15.05.2014 U/S 364A, 387,120,25 ACT	FIR	KALANAUR	DL3CAF5768	CAR INDICA		NILL	600136F4ZP74012
162	FIR NO 135 DATE 15.05.2014 U/S 364A, 387,120,25 ACT	FIR	KALANAUR	DL3CAV1303	MARUTI 800		F8B1N3770281	MA3FCA12502697003
163	FIR NO 137 DATE 01.05.2015 U/S 279, 304A ACT	FIR	KALANAUR	DL6CK5165	CAR ALTO		3262996	MA3EY081500671981
164	FIR NO 18 DATE 14.01.2017 U/S 279, 304A,307,25-54-59A ACT	FIR	KALANAUR	HR73T5569	CAR XYLO		NILL	NILL
165	FIR NO 59 DATE 03.02.2018 U/S 20 NDPS ACT	FIR	KALANAUR	UP52E9174	JEEP		NILL	NILL
166	FIR NO 300 DATE 23.07.2021 U/S 379 IPC	FIR	KALANAUR	HR14C6603	M/C BAJAJ		D3GBNL81782	MD2DSDSZZNCL98523
167	FIR NO 80 DATE 14.03.2019 U/S 279, 337,338 IPC	FIR	KALANAUR	HR0T8072	CAR XCENT		NILL	NILL
168	FIR NO 317/2009 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	312 NO NIL	TRACTOR		NA	NA
169	46/2019 U/S 398,401 IPC	FIR	SADAR	DL1Z-1645	SWIFT CAR		2AZ1857164	JTDBE30K103029647
170	333/2019 U/S 420,467, IPC 61/4/14 EX ACT	FIR	SADAR	NO NIL	TRUCK TATA		NA	NA
171	431/ 2014 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR		MARUTI AMNI		NA	NA
172	599/2018 U/S 279/304 IPC	FIR	SADAR	UP 60Z-3361	CAR ECCO		G12BN384502	MA3ERLF1S00407811
173	172 U/S 20 NDPS ACT	FIR	SADAR	HR10- 2000	MARUTI CAR		NA	NA
174	126/2023 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	HR69C-4021	AUTO		R7E2876849	MDU40KAPL25AN6109
175	515/ 2018 U/S 457/380 IPC	FIR	SADAR	UP12T-7270	TRUCK		497SP67JXY663791	MAT455212C8J37613
176	334/2022 U/S 61/4/20 EX ACT	FIR	SADAR	HR69-5911	CHOTA HATHI		275IDI06ETZ516480	445011ETZR16099
177	196/2018 U/S 279/304 IPC	FIR	SADAR	HR56A- 3407	TRUCK		E483CD6B136783	33HC6B010554
178	288/219 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	DL3CBU-4509	MARUTI SWIFT		D13A1963091	MA3FDEB1S00412128
179	DD NO 26 /2021 MV ACT	FIR	SADAR	HR69A-4896	AUTO		R0G28262114	KAPL29AF4500
180	276/2010 U/S 283/304 IPC	FIR	SADAR	DL 09C-9130	TRUCK		NA	NA
181	554/2015 U/S 398/401 IPC 25/54/59 A ACT	FIR	SADAR	DL2CAH-3318	MARUTI CAR		D13A1051936	MA3FKEB1S00284113
182	133/2008 U/S 1 48/149/325 IPC	FIR	SADAR	2A- 7227	MARUTI 800		NA	NA
183	477/2020 U/S 148/149/323/506 IPC	FIR	SADAR	DL4CR-8088	CAR		4EA3532	MAJAXXMRTA4EA3532
184	116/2015 U/S 279/336/ 337/304A IPC	FIR	SADAR	DL3CAA-0544	CAR		4H0005410	MA6JSBF683H222295
185	452/2020 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	HR12M-9983	CAR		0E5H92011962	MD634LE5X92H12245
186	71/2018 U/S 279/304 A IPC	FIR	SADAR	DL4CAJ-2390	CAR		G4HG8M456570	MALAM51BR8M091974
187	730/2015 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	NA	CAR		NA	SB3081111756645
188	579/2015 U/S 279B/37 IPC	FIR	SADAR	HR12X-9514	CAR		D13A5042081	MA3FDEB1S00483981
189	327/2020 U/S 302/201/ 120B IPC	FIR	SADAR	HR 69C 2333	CAR		1887410	B98352
190	500/2015 U/S 171,420,379, 402 IPC 25 A ACT	FIR	SADAR	HR32G-3293	BALENO		GPD4C55811	MA1XX2GPKD5C55411
191	707/2015 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	HR10X-5732	CAR		D3FAEM112089	MALA851DLEM102442
192	672/2025 U/S 279/ 337 IPC	FIR	SADAR	HR26BC- 6959	CAR		GC44E0617830	ME4JC446DA8184192
193	105/2014 U/S 457/380 IPC	FIR	SADAR	DL4CS0488	CAR		G4HD4D97067	MALAA51HR4M511225
194	229/2023 U/S 279/337/ 304A IPC 196 MV ACT	FIR	SADAR	HR67C9190	MAHINDRA		CMM4D95500	MA1EACMWFM6D72061
195	154/2018 U/S 279/304AIPC	FIR	SADAR	HR69B-8908	AUTO		R4J2549254	MEDAPIMPLRILD5193
196	224/ 2021 U/S 279/337/ 304 IPC	FIR	SADAR	DL1CM4162	CAR		CJL036067	WVWD11607BT055235
197	228/2023 U/S 148/149/ 307/120B IPC	FIR	SADAR	DL3CBQ-3293	CAR		G4LABM693280	MALAM51CLBM 939271
198	394/2019 U/S 379 IPC	FIR	SADAR	DL3CAQ-7797	CAR		G4HG7M143239	MALAA51HR7M116066
199	70/2014 U/S 279/337/ 304 IPC	FIR	SADAR	HR04N-5544	CRUSER		NA	NA
200	249/2011 U/S 332/353, 186/506 IPC	FIR	SADAR	DL2CV-0671	CAR		G10BBN168379	MA3EYD32S00610904
201	245 /2023 279/337/338/ 304A IPC	FIR	SADAR	HR69B-5210	BALENO		TBE1D81716	MA1ZP2TBKE1D38742
202	359/2023 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	HR46D-8207	AUTO		A5F0915749	MCS3E7P21HAA03531
203	FIR NO 210/2002 U/S 302,450,34 IPC	FIR	SADAR	DL 8SC 7713	MC		548643	548643
204	61/ 2005 U/S 279,337, 304 IPC	FIR	SADAR	DL5C-1523	MARUTI CAR		607590	430917
205	80/2012 U/S 379	FIR	SADAR	HR12R-6149	M/C		5TSF040734	ME15TS0F3B2040742
206	209/ 2009 U/S 279/337/ 338 IPC	FIR	SADAR	DL4BK-6072	M/C		NA	NA
207	136/2007 U/S 279/304A IPC	FIR	SADAR	HR39 8513	TATA 407		NA	NA
208	280/2018 U/S 15 NDPS ACT	FIR	SADAR	HR72 -0450	TRUCK		KF07E9289222	ME4KF073A98038384
209	68/2006 U/S 8/11/ 59/60 ANIMAL ACT	FIR	SADAR	UP65H-1670	TRUCK		NA	NA
210	240 U/S 279/337/304 IPC	FIR	SADAR	HR12E-7020	ACTIVA		NA	NA
211	34/2010 U/S 307/333/ 353/ 186 IPC	FIR	SADAR	PB10 BR- 8689	M/C BAJAJ		NA	NA
212	29/2005 U/S NDPS ACT	FIR	SADAR	HR58-4190	TRUCK		NA	NA
213	144 U/S 395 IPC	FIR	SADAR	HR47A-1472	TRUCK		697D23M5Q735082	360324M5Q768855
214	248/1999 U/S 498A, 406, 506 IPC	FIR	SADAR	HR14- 5966	SCOOTER		NA	NA
215	579/2017 U/S 323/506/34 IPC	FIR	SADAR	DL85D4285	SCOOTER		NA	NA
216	243 U/S 279/337 IPC	FIR	SADAR	DL4SBD1002	MC		DSGBMK27123	MD2DSDSZZMCK50959
217	237/2010 U/S 307/302/ 449/120B/34 IPC	FIR	SADAR	UP14AN4720	MC		DJGBPF02358	MD2DHDJZZPCF44748
218	132/2005 U/S 279/304 A IPC	FIR	SADAR	HR12A-9922	SCOOTER		NA	NA

पीआरडीएच–1084/11/4895/2027/45881/88/6 दि. 04.06.26

चिंतन

'तिजोरी' का ताला है साइबर सुरक्षा

डिजिटल युग में हमारी जिंदगी जितनी आसान हुई है, उतनी ही जोखिमों से भी घिर गई है। बैंकिंग से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा से लेकर सरकारी कामकाज तक लगभग हर व्यवस्था इंटरनेट और डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत गोपनीयता का भी अहम हिस्सा बन गई है। अक्सर लोग साइबर सुरक्षा को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। विशेषकर पासवर्ड को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जबकि आज के डिजिटल नेटवर्क में पासवर्ड को डिजिटल दुनिया की 'तिजौरी' का ताला कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपनी 'तिजोरी' की चाबी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं सौंपता, उसी प्रकार पासवर्ड को भी पूरी तरह गोपनीय रखना आवश्यक है, लेकिन व्यवहार में अक्सर इसके उलट देखने को मिलता है। लोग आसान पासवर्ड रखते हैं, एक ही पासवर्ड कई खातों में इस्तेमाल करते हैं या फिर उसे दूसरों के साथ साझा कर देते हैं। कई बार सिस्टम तक को खुला छोड़ देते हैं। यही लापरवाही साइबर अपराधियों के लिए अवसर बन जाती है। हाल ही में सीबीएसई की ओर से री-इवैल्यूएश के लिए खोले गए पोर्टल को महज 2 मिनट के भीतर 15 लाख से ज्यादा बार हैक करने की कोशिश की गई। यह दर्शाता है कि साइबर अपराधी कितने शातिर हो गए हैं। केंद्र सरकार ने तमाम राज्यों को अगाह किया है कि कोई बड़ा साइबर अटैक हो सकता है। यह हमला तभी रुकेगा, जब हमारी साइबर सुरक्षा मजबूत होगी। सुरक्षा के विभिन्न चरणों में पासवर्ड भी इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। अब कोई कर्मचारी अपने पासवर्ड को किसी के साथ शेयर करता है तो वह उसकी घोर लापवाही है। कर्मचारी कई बार अपने सिस्टम को खुला छोड़ देते हैं, इससे सिस्टम अपराधियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। इससे दुनिया के तमाम साइबर अपराधी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं और उनकी साइबर सुरक्षा में सेंध लगा देते हैं। भारत में साइबर हमलों की बढ़ती घटनाएं इस खतरे का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। हर वर्ष लाखों साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की जा रही हैं और प्रतिदिन हजारों वेब-आधारित हमलों का सामना करना पड़ रहा है। साइबर अपराधी डेटा चोरी, फिशिंग, रैंसमवेयर और पहचान की जालसाजी जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए केवल तकनीकी उपाय ही नहीं बल्कि जागरूकता भी आवश्यक है। दिल्ली स्थित एम्स पर हुए रैंसमवेयर हमले ने देश को यह दिखा दिया था कि साइबर सुरक्षा में एक छोटी सी कमजोरी भी कितनी बड़ी समस्या बन सकती है। इस हमले के कारण अस्पताल की सेवाएं कई सप्ताह तक प्रभावित रहीं और लाखों मरीजों का डेटा खतरे में पड़ गया। चिंता की बात यह भी है कि देश के कई राज्य साइबर अपराधों के हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश में साइबर अपराधों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या अब किसी एक क्षेत्र या संस्थान तक सीमित नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती बन चुकी है, जिसके समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में सरकार को भी अपने साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना चाहिए, ताकि कोई भी साइबर अपराधी वहां तक न पहुंच सके। अगर हम समय रहते नहीं चेते तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है।

मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि 37 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। मालवीय नगर के होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मारे गए लोगों का जीवन कौन लौटाएगा ?

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि 37 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मारे गए लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। इसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बताई जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है, बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है, लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं। राजधानी में बीते एक माह में हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। मई-जून के महीने में दिल्ली में लगातार हादसे हुए हैं, जिनमें आग और बिल्डिंग गिरने की घटनाओं ने कई जिंदगियां छीन लीं। ये घटनाएं दिल्ली में फायर सेफ्टी, बिल्डिंग नियमों और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। मई की शुरुआत में विवेक विहार में चार मंजिला इमारत में एसी ब्लास्ट से लगी आग में एक बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, पालम के साध नगर में भी एक इमारत में भीषण आग लगने से एक परिवार के 9 सदस्यों की जान चली गई थी। 30 मई को साकेत के सैदुलाजाब में 5 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग के ढहने से 6 लोगों की मौत हुई, जबकि कई घायल हुए। इस हादसे में अवैध निर्माण और एमसीडी की लापरवाही सामने आई। 2 जून को मुकुंदपुर में एलपीजी सिलिंडर ब्लास्ट से मकान गिरने में 10 लोग घायल हुए। 3 जून को मालवीय नगर में रेस्टोरेंट में लगी आग ने भी कई कीमती जानें लीं। इन सभी हादसों में प्रशासन की ओर से की जाने वाली लापरवाही स्पष्ट प्रतीत हो रही है। पुराना रिकॉर्ड देखें तो मई 2022 को

पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला कारोबारी इमारत में एक कंपनी सिक्योरिटी कैमरे और दूसरे उपकरणों को बनाने और बेचने वाली कंपनी में आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। जून 2021 में पश्चिमी दिल्ली के ही उद्योग नगर में एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आग लगने के कई हफ्तों बाद फैक्ट्री के फरार मालिक को गिरफ्तार किया गया।

जनवरी 2020 में पीरागढ़ी की एक इमारत में लगी आग की चपेट में आकर 1 आदमी की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। इनमें तीन मजदूर और 14 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे। इससे पहले 2019 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से नई दिल्ली की एक इमारत में आग लग गई और 43 लोग जल कर मर गए। इसमें भी ज्यादातर मजदूर ही थे, जो रात में फैक्ट्री की इमारत में ही सो रहे थे। 2019 में ही करोल बाग की एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला और एक बच्चा भी था, जो जान बचाने के लिए खिड़की से कूद पड़े थे। जनवरी 2018 में दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में पटाखों के कारण लगी आग ने 17 लोगों की जिंदगी खत्म कर दी थी। इसी तरह 1997 के दिल्ली में उपहार सिनेमा कांड को कौन भूल सकता है, जब एक साथ 59 लोगों की मौत आग लगने के कारण हुई थी। मालवीय नगर के अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिए, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? साफ तौर पर लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए। मालवीय नगर की घटना से यह स्पष्ट है कि प्रशासन को बिल्डिंग निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा।

फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य और नियमित बनाना होगा। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष व्यवस्था करनी होगी ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य तेजी से हो सके। फायर ब्रिगेड की संख्या और संसाधनों में भी वृद्धि जरूरी है। ये केवल दिल्ली की कहानी नहीं हैं बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते तो ऐसे हादसे बार बार दोहराए जाएंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। आधुनिकता और सुविधा के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक

आइए, सभी पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लें

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाना अपने आप में बेमानी हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। इसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं हुई है। अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टाकर्टिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई।

सैद्धांतिक रूप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। 1992 के रिओ शिखर सम्मेलन में कहा गया कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव जाति ही है और उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादनशील जीवन जीना चाहिए, लेकिन ये सभी सिद्धांत कागजों तक ही सीमित है। उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। लेकिन गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। पर विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं। किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकलित
दर्शन

मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

संकलित
प्रेरणा

आखिर कर्म ही महान

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

अंतर्मन

आज की पाती

जरूरत से ज्यादा विनम्र होना भी ठीक नहीं

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस–नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

– मनोज कुमार, समालखा, पानीपत

ट्रेंड

कल्याणकारी राजनीति

पिछले एक दशक में, भारत में मोदी जी के नेतृत्व में कल्याणकारी राजनीति का रूपांतरण हुआ है और यह सेवा, सुशासन और सशक्तिकरण के एक नए मॉडल में तब्दील हो गई है।

- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

कबीले के साथ विश्वासघात

जो अपने ही कबीले के साथ विश्वासघात करते हैं...वे अंत में दुखी आत्माओं के रूप में भटकते रहते हैं! कुछ लोग बड़े-बड़े दावे करने के लिए मोहरे बन रहे हैं; अगर मोहरा बनना ही है, तो कम से कम कुछ बेहतर बनो—सिर्फ एक सिपाही बनकर रहना ठीक नहीं है।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

भाजपा की अक्षमता

मोदी सरकार न केवल स्वास्थ्य सेवा और पोषण को लेकर भारत की महिलाओं और बच्चों को धोखा देती है, बल्कि यह जानबूझकर महत्वपूर्ण डेटा भी छिपाती है जो इसकी विफलताओं को उजागर करता है। एनएफएचएस-6 डेटा से भाजपा की पूर्ण अक्षमता उजागर हो गई है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

अपार जनविश्वास

मोदी सरकार को विरासत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ संस्थाएं और अपार जनविश्वास मिला था। लेकिन महज एक दशक में इसने इन तीनों को कमजोर कर दिया है। मोदी जी का समय समाप्त हो गया है।

-वाईएस शर्मिला, कांग्रेसाध्यक्ष, आंध्र प्रदेश

करंट अफेयर

थ्येनआनमन स्क्वायर पर नहीं जाने की चेतावनी

चीन का प्रशासन 1989 में थ्येनआनमन स्क्वायर पर विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के खिलाफ की गयी सैन्य कार्रवाई की यादों को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस वर्ष प्रशासन ने इस घटना के पीड़ितों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी यह घटना बृहस्पतिवार को आज के ही दिन 37 साल पहले घटी थी। यह जनमानस से इस घटना को पूरी तरह मिटाने के लिए वर्षों से जारी अभियान का एक और कड़ा कदम है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस ने इस कार्रवाई में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, इस घटना में मारे गये लोगों के परिजन पिछले 30 सालों के दौरान पुलिस की निगरानी में कब्रिस्तान में जाकर श्रद्धांजलि देते रहे हैं। ये परिजन, 'थ्येनआनमन मदर्स' नाम के एक समूह से जुड़े हैं। चीनी सेना ने वर्ष 1989 में थ्येनआनमन चौक पर प्रदर्शनकारियों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करने वाली भीड़ को कुचलते हुए हजारों लोगों को मार गिराया था।



ऑफ बीट

दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' की तरह नहीं हो सकता

आधुनिक मस्तिष्क स्कैनिंग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' (झूठ पकड़ने वाली मशीन से जांच) की तरह नहीं किया जा सकता, क्योंकि दर्द एक व्यक्तिगत अनुभव है जिसे केवल तकनीकी संकेतों के आधार पर प्रमाणित या खारिज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का कहना है कि पुराना या दीर्घकालिक दर्द अक्सर दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर व्यक्ति के जीवन पर गहरा पड़ता है। वैज्ञानिक ने दावा किया कि मस्तिष्क स्कैन में कोच के दर्द के संकेत दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद मामला उस राशि से दस गुना अधिक पर सुलझा, जितनी राशि नियोक्ता पहले देने को तैयार था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निष्कर्ष वैज्ञानिक रूप से उतना स्पष्ट नहीं है जितना प्रतीत होता है। उनका तर्क है कि यदि कोई विशेषज्ञ यह दावा कर सकता है कि स्कैन में दर्द दिखाई दे रहा है, तो वही तकनीक किसी दूसरे मामले में यह भी निष्कर्ष निकाल सकती है कि व्यक्ति दर्द का नाटक कर रहा है। यही स्थिति इस तकनीक को विवादास्पद बनाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पुराना दर्द उन चिकित्सीय स्थितियों में से एक है जिन पर अक्सर संदेह किया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

श्रीलंका ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

किंग्स्टन (जमैका)। पथुम निसंका के 79 रन और कप्तान कुसल मेंडिस के 72 रन की मदद से श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 41 रन से हराया। निसंका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। उनके अलावा चरित असालंका ने 45 और जनिथ लियानागे ने नाबाद 44 रन का योगदान दिया जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सात विकेट पर 303 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 49.2 ओवर में 262 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 66 गेंदों में 56 रन और सलामी बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ने 38 गेंदों में 45 रन बनाए, लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

फीफा मैत्री मैच में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

हिसोर (ताजिकिस्तान)। पिछले महीने यूनिटी कप में लगातार दो हार से हताश भारतीय फुटबॉल टीम आज शुक्रवार को यहां फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में ताजिकिस्तान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने पिछले साल सीएएफए नेशंस कप में इसी विरोधी के खिलाफ जीत दर्ज की थी। भारत को हालांकि लंदन में यूनिटी कप के दौरान 27 और 30 मई को क्रमशः जमैका (0-2) और जिम्बाब्वे (0-1) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

दूसरा मैच भी रविवार को यहीं खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे शुरू होगा। एशियाई कप 2027 के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारत की फीफा रैंकिंग लगातार गिर रही है जबकि इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले ताजिकिस्तान की रैंकिंग में सुधार हुआ है। भारत की विश्व रैंकिंग 137 जबकि ताजिकिस्तान की 103 है। ताजिकिस्तान मैसेडोनिया के नए कोच इगोर एंजेलोव्स्की के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच खेलेगा।

शैली सिंह और देव मीणा एथलेटिक्स टीम में

नई दिल्ली। पोल वॉल्ट के प्रतिभावान खिलाड़ियों देव कुमार मीणा और कुलदीप कुमार के अलावा लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह और भाला फेंक खिलाड़ी शिवम लोखारे को नौ से 12 जुलाई तक चीन के ओरडोस में होने वाले पहली एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत की 54 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। देव और कुलदीप ने पोल वॉल्ट में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) बनाया है जबकि शिवम ने पिछले महीने रांची में फेडरेशन कप में 81.71 मीटर के प्रयास से भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने कीनिया के नैरोबी में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 में रजत पदक जीता था।

हॉकी महिला नेशंस कप लालथंटलुआंगी और डबास को टीम में जगह

नई दिल्ली। युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में राहुल गिल व यादव बना सकते हैं खास रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 6 जून से एकमात्र टेस्ट खेलना है। यह मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। ये दोनों टीमें 2018 में एक टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। ऐसे में अब भारत और अफगानिस्तान के बीच सिर्फ दूसरा ही टेस्ट होने जा रहा है। इस मैच में भारतीय खिलाड़ी कुछ रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं।

केएल राहुल बना सकते हैं 9,000 रन का रिकॉर्ड

केएल राहुल ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में अब तक 120 मैच खेले हैं, जिसमें 45.21 की औसत के साथ 8,997 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 25 शतक और 42 अर्धशतक लगाए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 337 रन रहा है। वह 3 रन और बनाते ही अपने 9,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे कर लेंगे। अपने टेस्ट करियर में राहुल ने लगभग 36 की औसत से 4,053 रन बनाए हैं।

उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज में सुनील-नितेश ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के सुनील और नितेश ने स्वर्ण पदक जीता। सुनील ने ग्रीको रोमन 87 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुनील ने किर्गिस्तान के अजात सालिदिनोव को 4-1 से हराया। नितेश ने कजाकिस्तान के नूरासिल अमानली को 13-9 से हराया। यह प्रतियोगिता उलानबटोर मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। मेहर सिंह अखाड़े के पहलवान सुनील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियनशिप में 87

किलोग्राम ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता है। सुनील ने बताया कि उसने मैच में चीन के जियाजिन हुआंग को हराया। उन्होंने बताया कि एशियन चैंपियनशिप में यह उनका पांचवां पदक है। सोनीपत निवासी सुनील रोहतक के मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता है। कोच रणबीर ढाका ने विजेता पहलवान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील ने बताया कि उनके पिता अश्वनी कुमारको पहलवानी का शौक था। सुनील ने 2008 में खेलना शुरू किया। वर्ष 2010 में उनके पिता का देहांत हो गया। मां अनिता गृहिणी व चार भाई-बहन हैं। बहन रेनू डॉक्टर हैं। बड़ा भाई मोनू दिल्ली में एमसीडी में व छोटा भाई नितिन नेवी में नायब सूबेदार हैं। उनके पिता का सपना है कि मैं ओलंपिक में पदक जीतूं। कोच रवि अहलावत, कैप्टन धर्मवीर हुड्डा, कोच जयवीर हुड्डा, कोच हरदीप सिंह, कोच सोनू कुमार, अखाड़े संचालक मोहित मलिक व कोच रिंकू राठी ने भी परविंदर का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। नितेश पानीपत जिले का निवासी है। नितेश ने सीनियर एशियन चैंपियनशिप 2025 में भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीता।

सुनील की उपलब्धियां

2022 के एशियन गेम्स में कांस्य पदक, 2020 में एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2019 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2025 में में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। एशियन गेम्स में चयन हुआ है। 2026 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

भारत-अफगानिस्तान वनडे सीरीज 13 जून से

विराट कोहली नहीं खेलेंगे वनडे सीरीज, रुतुराज को मिला मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 13 जून से अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की इस सीरीज से विराट कोहली चोट के चलते बाहर हो चुके हैं। इस बीच खबर है कि कोहली की जगह पर रुतुराज गायकवाड़ को टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं, रजत पाटीदार को इंडिया-ए की टीम में जगह मिल सकती है।

आईपीएल फाइनल के दौरान चोटिल हुए कोहली

कोहली को यह चोट आईपीएल 2026 के फाइनल के दौरान लगी थी। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 75 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली को कम से कम 2 हफ्ते आराम करने की सलाह दी गई है। वह 20 जून को होने वाले आखिरी वनडे तक फिट हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस सीरीज से आराम दिया गया है। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

गायकवाड़ ने अब तक खेले हैं 9 वनडे मैच

गायकवाड़ ने 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अब तक 9 वनडे की 8 पारियों में 28.50 की औसत के साथ 228 रन बनाए हैं। वह 1 शतक से पहले 1 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। बता दें कि उन्होंने अपना शतक दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध (123*) और इकलौता अर्धशतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ (79 रन) बनाया था। गायकवाड़ भारत की ओर से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं।

क्या रोहित होंगे सीरीज से बाहर?

रोहित शर्मा भी चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर होने हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यशस्वी जायसवाल को टीम में मौका मिल सकता है।

इंडिया-ए में शामिल होंगे पाटीदार

गायकवाड़ को मेजबान श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया-A की टीम में चुना गया था।अब उनकी गैरमौजूदगी में इंडिया-ए की टीम में पाटीदार को चुना जा सकता है। बता दें कि पाटीदार ने आईपीएल 2026 में उम्दा प्रदर्शन किया था और उनकी कप्तानी में आरसीबी ने लगातार दूसरा खिताब जीता था। इस त्रिकोणीय सीरीज का आगाज 9 जून से होगा और फाइनल मुकाबला 21 जून को खेला जाएगा।

वनडे सीरीज शेड्यूल

पहला वनडे - 13 जून, धर्मशाला
दूसरा वनडे - 17 जून, लखनऊ
तीसरा वनडे - 20 जून, चेन्नई

भारत टीम : शुबमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे

दिल्ली में होनी है चैंपियनशिप

पाक एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए टीम नहीं भेजेगा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने 19 जून से यहां होने वाली एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि स्थानीय आयोजकों ने पड़ोसी देश को इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए न्योता भेजा था लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान ने यह फैसला किया है। भारत पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। एशिया और ओसियाना के 30 से अधिक देशों के तलवारबाज यहां भारत मंडपम में होने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। लगभग 100 प्रतिनिधि और तकनीकी अधिकारी प्रतियोगिता के आयोजन पर नजर रखेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ (एफएआई) के महासचिव राजीव मेहता ने पीटीआई को बताया, ''हमने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए न्योता भेजा था लेकिन उन्होंने अपने खिलाड़ियों को नहीं भेजने का

फैसला किया। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख काफी पहले ही निकल चुकी है और अब हम खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा दिलाने की प्रक्रिया में हैं।'' पिछले महीने खेल मंत्रालय ने फिर से साफ किया था कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर पिछले साल लगाया गया प्रतिबंध जारी रहेगा लेकिन सीमा पार से आने वाले खिलाड़ियों को बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए यहां आने से नहीं रोका जाएगा। इसके बावजूद पाकिस्तान ने अपने तलवाबाजों को नहीं भेजने का फैसला किया है। चैंपियनशिप से पहले यहां एशियाई तलवारबाजी परिसंघ (एफसीए) की आम सभा की बैठक भी होगी। यह पहली बार है जब इस महाद्वीपीय संस्था के शीर्ष अधिकारी भारत में बैठक कर रहे हैं।

केएस भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

मुंबई। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज कोना श्रीकर भरत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। भरत ने 2023-2024 के बीच भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेले। बत्तीस साल के भरत ने फरवरी 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण किया और इसके एक साल बाद उन्होंने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ देश के लिए अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला। उन्होंने कुल 221 रन बनाए जिसमें उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन रहा। भरत ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''गर्व और कृतज्ञता की भावना के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करता हूं। अपने देश के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।''

अंडर-18 एशिया कप

पुरुषों में भारत-पाकिस्तान और महिलाओं में चीन से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ काकामिगाहारा

भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कमियों से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी जबकि महिला टीम चीन के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम पूल ए में तीन जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत ने अब तक अपने अभियान में 32 गोल किए और सिर्फ छह गोल खाए। पुरुष टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत कजाखस्तान के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ की जिसके बाद उसे मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम का चल रहा बेहतरीन प्रदर्शन

इस बीच भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। उन्होंने अपने तीनों मैच जीतकर पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें उन्होंने 30 गोल किए और सिर्फ दो गोल खाए। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया पर 2-1 की कड़े मुकाबले वाली जीत के साथ की जिसके बाद उसने कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की।

सिंधू इंडोनेशिया ओपन से बाहर

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को लगातार दूसरे सप्ताह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं।

इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है।

मलेशिया की जोड़ी को भारतीयों ने हराया

इस बीच हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी ने आरोन ताइ और केंग खाई शिंग की मलेशिया की बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरिहरन और अर्जुन ने राउंड ऑफ 16 मैच में पहला गेम गंवाने के बाद 16-21, 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की। हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और मैच को निर्णायक गेम में खींचा।

दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं जैस्मिन प्रिया और विश्वनाथ विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गत विश्व चैंपियन जैस्मिन लंबोरिया नवीनतम विश्व मुक्केबाजी रैंकिंग में महिला 57 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि एशियाई चैंपियशिप के स्वर्ण पदक विजेता प्रिया घंघास (60 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में शीर्ष तीन में शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने महिलाओं के 10 में से नौ वजन वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाई है जबकि पुरुषों के 10 में से आठ वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है।

मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में नंबर एक

महिला वर्ग में मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं हुईं हैं जबकि प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में पांच स्थान के फायदे से तीसरे पायदान पर हैं। इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली जैस्मिन एक स्थान के फायदे से दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बन गईं। विश्व कप की पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपने-अपने वजन वर्ग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

अन्य खिलाड़ियों की ऐसी है रैंकिंग

इस साल राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) एक स्थान के नुकसान से चौथे स्थान पर हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सातवें स्थान पर बरकरार हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक) शीर्ष पांच मुक्केबाजों में शामिल हैं।

विश्वकप : अपने लोगों को खुशियां देना चाहती है ईरानी टीम

जिस अमेरिका के साथ युद्ध, वहां पर ही खेलने होंगे मैच

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक

ईरान ऐसे समय में विश्व कप की ओर बढ़ रहा है जब उसका युद्ध टूर्नामेंट के एक मेजबान देश अमेरिका के साथ चल रहा है। विश्व कप के इतिहास में यह स्थिति अपने आप में अनोखी है। हालांकि, 8 अप्रैल से एक अस्थिर युद्धविराम लागू है, लेकिन अनिश्चितता और समय-समय पर होने वाली झड़पों के कारण संघर्ष का अंत अभी भी निश्चित नहीं माना जा सकता। इस स्थिति ने ईरानी खिलाड़ियों की विश्व कप की तैयारियों को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। रोचक यह है कि उनके सभी मैच अमेरिका में

खेले जाने वाले हैं। ईरान की टीम दो सप्ताह से अधिक समय तक तुर्किये में रही है, जहां उसने मुख्य रूप से समुद्री तटवर्ती शहर अंताल्या में अभ्यास किया। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले इस टूर्नामेंट में ईरान की भागीदारी लंबे समय से संदेह के घेरे में रही है और वीजा संबंधी स्थिति अभी भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने के कारण कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। 2018 और 2022 के विश्व कप में भी ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाले 29 वर्षीय मिडफील्डर सईद एजातोलाही ने कहा, सच कहूं तो यह आसान नहीं है।

इस सप्ताहांत रवानगी

सईद एजातोलाही ने कहा कि यह मेरा तीसरा विश्व कप होगा। इसलिए मेरे और कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए ऐसी परिस्थितियों को संभालना शायद थोड़ा आसान हो सकता है। लेकिन अंततः यह हमारे लिए कठिन होगा क्योंकि हम लगातार अपने देश की खबरें देख रहे हैं और राजनीतिक घटनाक्रम निश्चित रूप से खिलाड़ियों और लोगों के मनोबल को प्रभावित करते हैं। टीम को इस सप्ताहांत मेक्सिको रवाना होना है, क्योंकि अंकारा स्थित मेक्सिको दूतावास से उसे वीजा मिल चुका है। वीजा प्रक्रिया में आई समस्याओं के कारण ईरान का विश्व कप प्रशिक्षण शिविर एरिजोना के टक्सन से हटाकर कैलिफोर्निया सीमा के निकट मेक्सिको के तिजुआना में स्थानांतरित कर दिया गया।

पहला मैच लॉस एंजिलिस में

ईरान अपने पहले दो मैच लॉस एंजिलिस के पास खेलेगा, जहां बड़ी संख्या में ईरानी मूल के लोग रहते हैं। इनमें से कई लोग वर्तमान ईरानी सरकार के विरोधी भी हैं। एजातोलाही ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हमारे मैचों के दौरान स्टेडियम में बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद होंगे। यह हमारे लिए दबाव भी बढ़ाएगा क्योंकि लोगों की अपेक्षाएं बहुत ऊंची होंगी। मैं बस यही चाहता हूं कि हम उन्हें गर्व महसूस करा सकें और यह दिखा सकें कि ईरानी हर कठिन चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। 24 वर्षीय मोहम्मद गोरबानी पहली बार ईरान की ओर से विश्व कप खेलने जा रहे हैं।

थाना डीएलएफ फेस-3 जिला गुरुग्राम
DD NO 46 DT 23.05.2026 U/S 194 BNSS PS DLF PH 3 GURUGRAM
अज्ञात शव बारे सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2026 को गार्डन एस्टेट की दीवार के पास नजदीक द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन डी.एल.एफ फेस-3 गुरुग्राम के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था पड़ा हुआ मिला। जिसने ऊपर वाले हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं पहना हुआ है और नीचे नीला रंग का पाजामा पहना हुआ है व चेहरे पर हल्की सफेद व काली दाडी है, उम्र करीब 40-42 साल है व हुलिया रंग सावला, लम्बुतरा चपटा, कद करीब 5 फुट 9 इंच है। जो उपरोक्त व्यक्ति का पोस्टमोर्टम हेतू मोर्चरी गुरुग्राम रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त बारे सूचना मिलती है तो थाना डीएलएफ फेस-3 गुरुग्राम मे सूचित करे।

प्रबंधक थाना डीएलएफ फेस-3
मोबाईल न0 9205892152
थाना डीएलएफ फेस-3
मो0न0 8595953206

(ASI NAVEEN 407/GGM)
थाना डीएलएफ फेस-3
जिला गुरुग्राम
दिनांक 23.05.2026
M.NO 8368729004

पीआरडीएच-1084/11/4898/2027/45909/88/6 दि. 04.06.2026

ईरान की होर्मुज चाल फेल करेगा भारत

मित्र देश इराक और यूएई पाइपलाइन से भेजेंगे कच्चा तेल

एजेंसी ▶▶ बगदाद

इराक की कैबिनेट ने कुर्दिस्तान-तुर्की पाइपलाइन की मदद से अगले ढाई महीने में अपना निर्यात 220,000 बैरल प्रतिदिन 770,000 बैरल प्रतिदिन करने की योजना को मंजूरी दे दी है

होर्मुज स्ट्रेट में चल रही ईरान और अमेरिका की नाकेबंदी के बीच पड़ोसी देश इराक ने अपने कच्चे तेल के निर्यात को 3 गुना करने के लिए बड़ी योजना तैयार की है। इराक की कैबिनेट ने कुर्दिस्तान-तुर्की पाइपलाइन की मदद से अगले ढाई महीने में अपना निर्यात 220,000 बैरल प्रतिदिन 770,000 बैरल प्रतिदिन करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

वहीं यूएई ने भी कहा है कि वह नई पाइपलाइन बना रहा है ताकि होर्मुज स्ट्रेट के बिना ही कच्चे तेल की आपूर्ति की जा सके। इन रास्तों के जरिए तेल को किर्कुक और कुर्दिसतान तेल फील्ड से तुर्की के भूमध्य सागर स्थित पोर्ट सेयहान तक पहुंचाया जाएगा। इससे इराक को एक दुर्लभ वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा जिससे वह कच्चे तेल का दुनिया को निर्यात कर सकेगा।

होर्मुज के रास्ते कच्चा तेल लेकर आता भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा'

इराक तुर्की स्थित पोर्ट पर भेजेगा कच्चा तेल

इराक से सीरिया से होते हुए भी भारत आएगा तेल

यूएई से ओमान के फुजैरा पोर्ट से होता हुआ भारत पहुंचेगा कच्चा तेल

तेल आयात में इराक की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत

इराक ने सीरिया के रास्ते से भी तेल निर्यात करने को मंजूरी दी है। इराक ने 33 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट भी ऑफर कर दिया है। इराक से भारी मात्रा में भारत भी तेल लेता है। इस छूट से भारत को भी फायदा हो सकता है। भारत के कुल आयात का 21 से 24 फीसदी हिस्सा इराकी तेल का होता है।

यूएई की पाइपलाइन का 50 प्रतिशत काम पूरा

यूएई की द अबूधाबी नैशनल ऑयल कंपनी एक पाइपलाइन पर काम कर रही है जो पश्चिमी तेल क्षेत्र को फुजैरा पोर्ट को जोड़ेगी जो ओमान की खाड़ी में है। यह पाइपलाइन 2027 में बनकर तैयार हो जाएगी। नई पाइपलाइन तेल के निर्यात को दोगुना कर देगी। इस नई पाइपलाइन का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

ईरान से युद्ध को सीमित करने वाला प्रस्ताव पारित

अब राष्ट्रपति ट्रंप को लेनी होगी मंजूरी

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को राष्ट्रपति की युद्ध शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई समाप्त करने और भविष्य में ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी लेने की मांग की गई है। यह पहली बार है जब प्रतिनिधि सभा ने इस तरह का प्रस्ताव पारित किया है। प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव 215 के मुकाबले 208 मतों से पारित हुआ।

ट्रंप का आरोप: डेमोक्रेट्स देश को नुकसान पहुंचा रहे

प्रस्ताव पारित होने के बाद ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाया कि वे देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि चार खराब रिपब्लिकन और सभी डेमोक्रेट्स ने मिलकर मेरी युद्ध शक्तियों को सीमित करने के लिए वोट किया।

भारत भरोसेमंद साझेदार, दोनों देशों के बीच बढ़ेगा व्यापार: पुतिन

सेंट पीटर्सबर्ग (भाषा)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के साथ एक बैठक के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी के आगे झुकने वाले नेता नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पर दबाव बनाना नामुमकिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका भारत पर रूस से दूरियां बनाने के लिए दबाव डाल रहा है। पुतिन ने कहा कि भारत दुनिया की उन अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो सबसे ज्यादा आर्थिक विकास दिखा रही है।

भारत-यूएस में ट्रेड डील पर बातचीत पूरी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका में नई दिल्ली में हुई बातचीत के खत्म होने के बाद व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

पीएम मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज की अहम बैठक

ऊर्जा सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में साथ काम करने पर बनी सहमति

दवा उद्योग, निवेश व्यापार और परिवहन पर भी विशेष फोकस

बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश, दवा उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा और ऑटोमोबाइल उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच दिवसीय भारत दौरे पर आईं वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने पीएम नरेंद्र मोदी से विस्तृत और व्यापक बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-वेनेजुएला द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश, दवा उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा और ऑटोमोबाइल उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया।

◆ 'ग्लोबल साउथ' के हितों को बढ़ाने पर जोर

पीएम नरेंद्र मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज बातचीत करते हुए

विदेश मंत्री जयशंकर से भी हुई मुलाकात

इससे पहले डेल्सी रोड्रिगेज ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने बताया कि डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात कर उन्हें खुशी हुई और भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत करने में उनके लंबे समय से दिए गए योगदान की वह सराहना करते हैं।

प्रतिनिधि मंडल करेगा दौरा

विदेश मंत्रालय के अनुसार, रोड्रिगेज के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसके सदस्य ऊर्जा, दवा और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। औद्योगिक क्षमताओं को समझना तथा सहयोग के नए अवसर तलाशना है।

राजघाट पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बापू की स्थायी विरासत को नमन करते हुए कहा कि गांधी के आदर्श आज भी भारत-वेनेजुएला संबंधों के लिए प्रासंगिक हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि 'बापू की स्थायी विरासत को नमन' करते हुए रोड्रिगेज ने राजघाट पर श्रद्धांजलि दी।

निवेश अवसरों पर हुई बातचीत

पीएम मोदी ने सिटीग्रुप चेयरपर्सन जेन फ्रेजर से की मुलाकात

पीएम नरेंद्र मोदी ने सिटीग्रुप की चेयरपर्सन और सीईओ जेन फ्रेजर से मुलाकात की। बैठक में भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, निवेश अवसरों, वैश्विक पूंजी प्रवाह और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने पर विस्तृत चर्चा हुई। पीएम मोदी ने बैठक में अपने विजन को साझा करते हुए आर्थिक विकास की रफ्तार तेज करने, भारतीय कंपनियों को वैश्विक बाजारों में विस्तार के अवसर प्रदान करने और देश में विदेशी निवेश बढ़ाने पर जोर दिया।

क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई चर्चा

विदेश मंत्रालय के अनुसार, बातचीत के दौरान वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और वेनेजुएला के बीच सहयोग को और सशक्त बनाना आवश्यक है। बैठक में 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

यूएनएससी में 5 नए गैर-स्थायी सदस्यों का चयन, जर्मनी बाहर

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऑस्ट्रिया, किर्गिस्तान, पुर्तगाल, त्रिनिदाद और टोबैगो, तथा जिम्बाब्वे को 2027-28 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में चुना है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने इन देशों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में इनके साथ करीबी सहयोग होगा। बता दें कि गोपनीय मतदान के माध्यम से चुने गए इन सदस्य देशों का कार्यकाल 1 जनवरी 2027 से 31 दिसंबर 2028 तक रहेगा। बुधवार देर रात हुए इस चुनाव में 193 सदस्यीय महासभा ने पांच नए गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव किया गया।

इंडिगो ने छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कीं

मुंबई (भाषा)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हांगकांग और क्राबी समेत छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि वह एक जुलाई से लंगकावी, क्राबी, हो ची मिन्ह, हांगकांग और शंघाई के लिए सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करेगी, जबकि सिएम रीप के लिए सेवाएं तीन जुलाई से 30 सितंबर तक निलंबित रहेंगी। कंपनी ने कहा कि यह निर्णय आगामी तिमाही में पारंपरिक रूप से कमजोर मांग और उच्च लागत वाले चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल को देखते हुए लिया गया है।

कुवैत में घायलों से मिलीं भारत की राजदूत त्रिपाठी

कुवैत सिटी। कुवैत में भारत की राजदूत पारमिता त्रिपाठी ने उन भारतीय नागरिकों से मुलाकात की, जो कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में घायल हुए हैं। उन्होंने घायल भारतीयों को दूतावास की तरफ से हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया। राजदूत कुवैत के सेंट्रल मॉर्चुरी (शवगृह) भी गईं, जहां उस भारतीय नागरिक का पार्थिव शरीर रखा गया है जिसकी इस हमले में जान चली गई। राजदूत ने क्रिमिनल एविडेंस विभाग के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से भी मुलाकात की।

अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताने पर सीएम खांडू की चीन को दो टूक

यह 1962 वाला दौर नहीं, 2026 नए और विकसित भारत का युग

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम भी खुद बदलता रहता है। एक बार फिर जब उसने यह हिमाकत की तो अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दो टूक शब्दों में कहा कि चीन कौन होता है, हमारे बारे में बात करने वाला। हमारा सीमा चीन से नहीं बल्कि तिब्बत से लगती है।

सीएम पेमा खांडू

सीमावर्ती इलाकों में जबरदस्त काम हुआ

पेमा खांडू ने सीमावर्ती इलाकों में हुए काम की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को जिस तरह से बढ़ावा दिया है, उससे ये क्षेत्र अत्यधिक सुलभ हो गए हैं। अब ऐसी सुविधाएं हो गई हैं, जब हमारी फौज को तुरंत मदद मिल सकती है। फौज तुरंत एक्शन ले सकती है। रही बात चीन के दावे की तो यह हमारे लिए कोई नई बात नहीं है और हम इस तरह के दावों की परवाह नहीं करते।

अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग

पेमा खांडू न कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। बता दें, बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को जांगनान यानी दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है और दावा करता है कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से तिब्बत से जुड़ा रहा है। अप्रैल 2026 में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के भीतर स्थित कई पहाड़ों, दर्रों, नदियों और बस्तियों को नए चीनी नाम दिए।

सप्लाई चेन को मिलेगी मजबूती

क्रिटिकल मिनरल्स ऑब्जर्वेटरी सेंटर का भारत व यूके ने किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती मिली है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेटे कूपर ने संयुक्त रूप से भारत-यूके क्रिटिकल मिनरल्स ग्लोबल सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी (जीएससीओ) सैटेलाइट सेंटर का उद्घाटन किया। दोनों देशों के पीएम नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर द्वारा वर्ष 2025 में क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी स्थापित करने की घोषणा की थी। किशन रेड्डी ने कहा कि यह ऑब्जर्वेटरी दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल मटेरियल फ्लो मैप के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगी। यह दुनिया भर में क्रिटिकल मिनरल्स की सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद सप्लाई चेन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत तकनीकों और डिजिटल परिवर्तन के तेजी से विस्तार के साथ क्रिटिकल मिनरल्स वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते जा रहे हैं।

जी. किशन रेड्डी और यवेटे कूपर

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28